आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11। अंक 101। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भीम जन्मस्थली (महू) डॉ. अम्बेडकर नगर में कार्यक्रम को किया संबोधित

# बाबा साहेब के कार्य भूतो न भविष्यति : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**



**संबोधन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और श्री शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था।

विचारक श्री मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891में आज के दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब अम्बेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं। उन्होंने स्वयं शिक्षित होकर समाज को शिक्षित किया और समाज को रूढ़ीवाद से दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए बाबा साहेब के विचारों का अध्ययन आवश्यक है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंचासीन अतिथियों ने 'संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन' पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



**भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी 3.5 तीन एकड़ जमीन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरु की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा।

---

## हरियाणा में वक्फ कानून पर बोले पीएम मोदी

# वक्फ पर ईमानदारी से काम होता तो मुस्लिमों को पंचर नहीं बनाने पड़ते

**एजेंसी ● हिसार**

**उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर हरियाणा पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और हिसार से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाई। साथ ही एक नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने जहां एक तरफ मंच से वक्फ कानून को लेकर अपनी सरकार की नई नीति के बारे में बताया, वहीं कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान का आरोप भी लगाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में कहा, "वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। अगर ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता, तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। उन्होंने बताया कि सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने सरकार को पत्र लिखकर वक्फ कानून में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने इसमें संशोधन किया। पीएम मोदी ने कहा,



"हमने बहुत बड़ा काम किया है। अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को, हिंदुस्तान के किसी भी कोने में, वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधान वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान करते हुए बनाए गए हैं।*

### मुस्लिम को अध्यक्ष बनाए कांग्रेस

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस की सरकार को खतरा हुआ, उसने संविधान को ''कुचल दिया''। उन्होंने 1975-77 के आपातकाल का हवाला देते हुए कहा, ''संविधान की भावना समान नागरिक संहिताकी है, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया। अगर कांग्रेस को वास्तव में मुसलमानों से हमदर्दी है तो उसे किसी मुसलमान को अपना अध्यक्ष बनाना चाहिए और चुनाव में समुदाय के लोगों को 50 प्रतिशत टिकट देने चाहिए। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तुष्टिकरण की नीति अपनाने का भी आरोप लगाया।

### बाबासाहब का अपमान किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए और संविधान भी इसका निषेध करता है, लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस नीत सरकार ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अधिकारों को छीनकर धर्म के आधार पर निविदाओं में आरक्षण दिया। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई, जिससे मुसलमानों में से केवल कुछ ''कट्टरपंथी'' ही ''खुश'' हुए, जबकि बाकी समुदाय उपेक्षित, अशिक्षित और गरीब बना रहा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की इस नीति का सबसे बड़ा सबूत 2014 के आम चुनावों से ठीक पहले वक्फ कानून में किए गए संशोधन हैं। कांग्रेस द्वारा किए गए बदलाव ''बाबासाहेब का सबसे बड़ा अपमान'' हैं क्योंकि उन्होंने आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का उल्लंघन किया। डॉ. अंबेडकर संविधान के संरक्षक थे, लेकिन कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी जातियों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया था।

---

## आंबेडकर जयंती पर कांग्रेस की 5 मांगें, खरगे ने किया संघर्ष का ऐलान

**नई दिल्ली।** देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदीसरकार पर संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा आंबेडकर की 'जाति न्याय' पर काम करने की बजाय सिर्फ उसका राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। अपने सोशल मीडिया एक्स के अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक विस्तृत बयान में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की ओर से पांच सूत्री मांगों को भी रेखांकित किया और भाजपा पर डॉ. आंबेडकर के मूल्यों को बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया।

खरगे ने अपने पांच सूत्री एजेंडे का उल्लेख करते हुए लिखा, "संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती के दिन मैं कॉंग्रेस पार्टी की तरफ़ से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात यह कि जाति जनगणनाजरूरी है। हम माँग करते हैं कि जनरल सेंसस के साथ- साथ कास्ट सेंसस भी कराया जाए। खरगे ने दूसरा एजेंडा रखते हुए लिखा है, "1976 में श्रीमती इंदिरा गाँधी ने एससी-एसटी सब प्लान लागू किया था ताकि इन समुदायों के साथ समुचित न्याय हो। दुर्भाग्य से 2015 में मोदी सरकार ने इसे ख़त्म कर दिया।

---

# भगोड़ा करोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**एजेंसी ● नई दल्ली**

भारत में अपराध कर विदेश भागे अपराधियों का समय अब ठीक नहीं चल रहा है। बैंकों का 9 हजार करोड़ रुपये डकारकर ब्रिटेन भागे विजय माल्या पर पहले से ही भारत प्रत्यार्पण की तलवार लटकी हुई है और पंजाब नेशनल बैंक को 13500 करोड़ रुपये का चूना लगाने वाला मेहुल चौकसी भी बेल्जियम में पुलिस के हत्थे चढ़ गया है।

सीबीआई और ईडी की अपील पर बेल्जियम में हीरा कारोबारी और गीतांजलि ग्रुप के मालिक चोकसी की गिरफ्तारी हुई है। 2011 से ही वह पीएनबी बैंक को धोखा दे रहा था लेकिन उसके घोटाले का खुलासा 2018 में हुआ था, जिसके बाद वह देश छोड़कर भाग गया था। चोकसी बार-बार देश बदलकर जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहा है। हालांकि आखिरकार वह खुद ही उस देश में पहुंच गया, जहां से उसे भारत लाना काफी आसान माना जा रहा है। बेल्जियम के एक अस्पताल से गिरफ्तारी के बाद अब चोकसी भारतीय एजेंसियों की पकड़ में आ सकता है।

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल



चोकसी 2018 में भारत से भागकर पहले एंटीगुआ और बारबुडा चला गया और वहां की नागरिकता हासिल कर ली । मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए वह बेल्जियम गया था। अब वह इलाज कराने की आड़ में स्विट्जरलैंड भागने की तैयारी कर रहा था। चोकसी हिर्सलैंडन क्लिनिक आराऊ में कैंसर का इलाज कराने के लिए स्विट्जरलैंड जाने वाला था। हालांकि, भारतीय जांच एजेंसियों ने उसके प्लान को नाकाम कर दिया। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद औपचारिक कागजी कार्रवाई की जा रही है, क्योंकि चोकसी मेडिकल आधार पर जमानत मांग सकता है।

चोकसी के वकील विजयअग्रवाल ने बताया कि उनके मुवक्किल को बेल्जियम पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा, 'फिलहाल, वह जेल में हैं और वहां प्रक्रिया के तहत जमानत के लिए आवेदन नहीं कर सकते, लेकिन अपील दायर कर सकते हैं। अपील के दौरान अनुरोध किया जाता है कि उसे हिरासत में न रखा जाए। उसे हिरासत में न रहते हुए खुद का बचाव करने और प्रत्यर्पण अनुरोध का विरोध करने की इजाजत दी जाए।'

### प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज

सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पहले ही मेहुल चोकसी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस को हटा दिया गया था और तभी से भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाने के प्रयास में लगी हैं। प्रत्यर्पण अनुरोध के तहत भारतीय एजेंसियों ने 2018 और 2021 में मुंबई की विशेष अदालत से जारी 2 ओपन-एंडेड गिरफ्तारी वारंट बेल्जियम अधिकारियों को भेजे हैं। ओपन-एंडेड गिरफ्तारी वारंट का मतलब ऐसे वारंट से है जो किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए जारी किया जाता है और उसकी कोई समयसीमा नहीं होती। यह वारंट तब तक वैध रहता है जब तक कि इसे अदालत की ओर से रद्द न कर दिया जाए या आरोपी को गिरफ्तार न कर लिया जाए।

---

## प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया; मुर्शिदाबाद में हालात सुधरे, 19 विस्थापित परिवार लौटे

# वक्फ कानून पर हिंसा-24 परगना में पुलिस की गाड़ियां जलाईं

**एजेंसी ● कोलकाता**

**हिंसा**

वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा होने के बाद अब दक्षिण 24 परगना में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई है। बसंती हाईवे पर बैरमपुर में पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (ISF) के कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही एक गाड़ी को रोका, जिससे अशांति फैल गई।

दरअसल, भांगर, मिनाखा, संदेशखाली से ISF कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुबह 10 बजे हाईवे जाम कर दिया था। रामलीला मैदान जा रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।



हाईवे पर हालात काबू में आ गए, लेकिन उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की 5 बाइक में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। कैदियों को ले जाने वाली वैन को पलटा दिया और उसमें भी तोड़फोड़ की।ये कार्यकर्ता इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी के कहने पर कोलकाता के रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। जनसभा के दौरान नौशाद ने ये आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म से खेल रहे हैं। इन्हें आर्थिक विकास की कोई चिंता नहीं है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों ने सोमवार को कोलकाता में वक्फ कानून के खिलाफ विरोध रैली निकाली।

**CM ममता बोलीं- विरोध करें, लेकिन कानून अपने हाथ में न लें:** धर्म के नाम पर यह अपवित्र खेल कौन खेल रहा है? धर्म का मतलब है आस्था, प्रेम और संस्कृति। धर्म एकता का प्रतीक है। झगड़े, दंगे और अशांति क्यों हैं? प्यार से सब कुछ जीता जा सकता है। किसी को अलग-थलग करके नहीं। हम एक बार जीते हैं और एक बार मरते हैं। तो फिर दंगा क्यों होता है? हर जाति और धर्म के लोगों को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें।

### मुर्शिदाबाद में फोर्स की तैनाती के बाद हालात सुधरे, 19 परिवार लौटे

**इधर,** मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को ADG लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है।

## सज्जन वर्मा ने आरोपियों को बताया हिंदू औरंगजेब

# विधायक पुत्र को तीन दिन में माफी मांगनी ही होगी : पुजारी संघ

**संवाददाता ● इंदौर**

मां चामुण्डा टेकरी पुजारी से मारपीट मामले में कांग्रेस हमलावर है। उसके नेताओं ने मंदिर पहुंचकर पुजारी के पैर धोए और क्षमा भी मांगी। इंदौर पुजारी संघ ने विधायक पुत्र को तीन दिन में माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने सरकार से पुजारियों को संरक्षण देने वाला कानून बनाने की भी मांग की है। बता दें कि माता टेकरी पर हाल ही में देर रात पुजारी से मारपीट की गई थी। ये मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस इसे लगातार तूल दे रही है। सोमवार को भी कांग्रेस नेता टेकरी पहुंचे और पीड़ित पुजारी के पैर धोए। वहीं इंदौर के मठ मंदिर पुजारी संघ ने भी तीन दिन में आरोपी से माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि इंदौर

**घटना**

विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला अपने कुछ साथियों के साथ रात करीब 12 बजे टेकरी पहुंचे थे। उस समय पट बंद थे। इस पर शुक्ला के साथ आए जीतू रघुवंशी ने पुजारी से अभद्रता की। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज भी सामने आए, तभी से इस मामले में कांग्रेस हमलावर है, क्योंकि विधायक गोलू शुक्ला सनातनी विधायक के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। अब इस घटना को कांग्रेस ने सनातन के अपमान से जोड़ दिया है। कांग्रेसियों का एक दल टेकरी पहुंचा। इसमें पिंटू जोशी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी शामिल थे। उन्होंने मंदिर के सामने पीड़ित पुजारी उपदेश के पैर धोकर सनातन का अपमान होने की बात कहते हुए क्षमा-याचना की।



### पिता-पुत्र का ये कैसा झूठा सनातन है

पिंटू जोशी ने कहा कि पूरी घटना निंदनीय है। मंदिर देश की आस्था का केंद्र है। रात के समय मंदिर खुलवाना और पुजारी से मारपीट करना गलत है। ये कैसा सनातन है कि पिता सनातनी विधायक के नाम का झूठा स्टीकर लगाकर घूमते हैं और बेटा सनातन की धज्जियां उड़ाता घूम रहा है। पूरे देवास ने देखा कि कौन-कौन तत्व इसमें शामिल थे। देवास के एक बच्चे को आरोपी बना दिया गया है। अफसर भी नहीं देख सके कि क्या हुआ है। हम मां से माफी मांगने आए हैं कि उनके क्रोध से बचें। उन आरोपियों का असली चरित्र जनता ने देख लिया है। वो झूठे सनातन होने का चोला ओढ़ते हैं।

### देवास के सनातनी क्यों चुप हैं

इस मौके पर सज्जनसिंह वर्मा ने कहा कि हम मां से क्षमा मांगने आए हैं। आततायियों ने तेरा अपमान किया है। उन लोगों ने अभी तेरा स्नेह देखा है, लेकिन हम प्रार्थना करने आए हैं कि मां क्रोध मत करना। वो तो पापी हैं, दंड के भागीदारी हैं, वो बच नहीं सकते। कलियुग में औरंगजेब ने मंदिर तोड़े थे, ये तो आरोप है, लेकिन ये हिंदू तो औरंगजेब बन गए हैं, जो रात में मंदिर में घुसकर भगवान के शयन में खलल डालते हैं। चाहे खजराना मंदिर हो या महाकाल या मां चामुंडा का मंदिर हो, मैं इन्हें हिंदू औरंगजेब कहता हूं। मां इनको दंड जरूर देगी। मुझे दुख इस बात का है कि ये छद्म सनातनी लोग, जिस बच्चे ने इस घटना को अंजाम दिया, उसका पिता विधायक है, वो भी सनातनी विधायक। मुझे तो आश्चर्य है कि देवास के सनातनी भी इस घटना को लेकर चुप हैं, क्योंकि मां का अपमान हुआ है। हम तो मां से प्रार्थना करने आए हैं कि अपना क्रोध मत बरसाना।

### पुजारियों के संरक्षण के लिए कानून बने

मामले में महंत तरुणदास मठ मंदिर पुजारी संघ ने कहा कि माता टेकरी पर जो भी घटना हुई है, वो निंदनीय है। हमने अपने लेटरहेड पर वक्तव्य जारी किया है। पीड़ित पुजारी के साथ पूरे मप्र के पुजारी हैं। हमने मांग की है कि जो भी दोषी है, वो तीन दिन के अंदर माफी मांगे, क्योंकि पीढ़ियों से ये लोग यहां सेवा करते आए हैं और उनके साथ ऐसा कृत्य निंदनीय है। जो भी घटना में शामिल थे, उन्हें माफी मांगना चाहिए। अगर तीन दिन में ऐसा नहीं हुआ तो बैठक करके आगे की कार्रवाई तय करेंगे। जिस तरह अस्पताल और न्यायालय के लिए कानून बना है, उसी तरह पुजारियों के संरक्षण के लिए भी कानून बनाया जाना चाहिए।

### किसी का भी बेटा हो, सख्त कार्रवाई करेंगे : वीडी

दूसरी ओर भोपाल में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चाहे कोई भी हो, किसी भी पद पर हो या किसी का भी बेटा हो, अगर उसने अनुशासनहीनता की है तो कार्रवाई होकर रहेगी। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## शॉर्ट न्यूज

### सिंगोली में जैन संतों से मारपीट इंदौर के समाजजनों में आक्रोश

**इंदौर।** नीमच जिले के सिंगोली गांव के मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए रुके जैन संतों के साथ मारपीट करने की घटना को लेकर जैन समाज में रोष है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन समाज आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग पर अड़ा हुआ है। इस मामले में श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन ने कहा कि सिंगोली में जैन संतों के साथ हुई अमानवीय घटना ने समस्त जैन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के धार्मिक व नैतिक मूल्यों को झकझोर कर रख दिया है। यह केवल एक संप्रदाय पर नहीं, हमारी भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, संयम और आध्यात्मिक गरिमा पर भी सीधा आघात है। जो असहनीय है। जैन ने कहा कि हमारे संत अहिंसा, शांति, तप और संयम के प्रतीक होते हैं, सदैव समाज को नैतिकता व सदाचार की प्रेरणा देते आए हैं।

### छिंदवाड़ा के तीन लड़कों से मिली 50 हजार के नकली नोट की गड्डी

**इंदौर।** पुलिस ने छिंदवाड़ा के तीन युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। वे खुद नकली नोट छापते थे और उसे मार्केट में चलाते थे। तीनों इंदौर के एक होटल में रुके हुए थे। पुलिस ने उसके पास से 50 हजार के नकली नोटों की गड्डी, नोट का कागज, कलर प्रिंटर जब्त किया है। आरोपियों के नाम अब्दुल शोएब, रहीश खान औरप्रफुल्ल कुमार कोरी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक मार्केट में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि इंदौर बड़ा शहर है। दुकानों पर भी भीड़ ज्यादा रहती है। इस कारण यहां नकली नोट जल्दी चलाए जा सकते थे। उनके पास से पुलिस को अलग-अलग सीरिज के नकली नोट भी मिले हैं।

### दो युवतियों का युवती से मारपीट करने का वीडियो वायरल

**इंदौर।** दो युवतियों द्वारा एक अन्य युवती से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। घटना एमआईजी इलाके की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच करने की बात कर रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच वीडियो की जानकारी निकाल रही है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वीडियो किस आईडी से इंटरनेट पर वायरल किया गया है और तीनों युवतियों के विवाद के पीछे क्या कारण है। बता दें कि एक हफ्ते पहले भी ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आजाद नगर क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की थी। मामले में आजाद नगर पुलिस ने दोनों लड़कियों पर केस दर्ज किया है।

## हनुमान प्राकट्योत्सव पर दिव्यांगजनों को मिला नई उम्मीद का उपहार

**संवाददाता ● भोपाल**




**आयोजन**

छोला रोड स्थित खेडापति मंदिर परिसर में हनुमान प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर सर्व समृद्धि चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा एक विशेष जनकल्याणकारी सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर दिव्यांगजनों को बैटरी से चलने वाली स्वचालित साइकिलें उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। यह सेवा कार्य सर्व समृद्धि चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से समाज के प्रति दायित्व और समर्पण का प्रतीक है, जो दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और सुविधा को बढ़ावा देगा। इस प्रेरणादायी आयोजन ने समाज को समरसता और सेवा का संदेश भी दिया।इस अवसर को गौरवान्वित करने के लिए श्री राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, श्रीमती सुशीला देवी गर्ग, श्रीमती राखी गर्ग एवं श्री सुनील गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी गणमान्य अतिथियों ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सुनील गर्ग ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश देते हुए कहाः दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि विशेष सामर्थ्य का प्रतीक है। हमें उन्हें सहानुभूति नहीं, सहयोग और अवसर देना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। सर्व समृद्धि फाउंडेशन द्वारा किए गए इस सेवा कार्य से कई दिव्यांगजनों को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को सहज और आत्मनिर्भर तरीके से जीने की एक नई राह मिली है। हनुमान प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य ने समाज के बीच एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया कि सेवा ही सच्चा धर्म है।

## एसीसी ने ठेकेदार को दमोह में 'वॉटरप्रूफिंग का राजा' बनने में सक्षम बनाया

**संवाददाता ● दमोह**

एसीसी के उत्पादों और सेवाओं ने दमोह के कांट्रैक्टर श्री मुकेश तोमर को पूरे जिले में 'वॉटरप्रूफिंग का बादशाह' बनने में सक्षम बनाया है। 1993 में एक सुपरवाइजर के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले वे 2002 में एक ठेकेदार बन गए और लगातार एसीसी के उत्पादों और सेवाओं की स्थायित्व और उच्च गुणवत्ता पर भरोसा करते रहे हैं। 2020 में, उन्होंने नए एसीसी लीकब्लॉक उत्पादों का सफलतापूर्वक उपयोग करना शुरू किया और बहुत जल्दी वॉटरप्रूफिंग कार्य के लिए सबसे अधिक मांग वाले ठेकेदार बन गए। श्री मुकेश नियमित रूप से विभिन्न एसीसी प्रशिक्षणों और कार्यशालाओं में भाग लेते हैं क्योंकि उनका माननाहै कि अपने काम में बेहतर बनने के लिए लगातार सीखना चाहिए। दमोह के आसपास ग्राहकों और परियोजनाओं की बढ़ती संख्या के साथ उनका काम लगातार व्यस्त रहता है। अपनी सारी विशेषज्ञता के बावजूद, वह एसीसी तकनीकी सेवा इंजीनियरों के साथ जुड़े रहते हैं और अपने ग्राहकों के लिए काम की सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अधिक तकनीक सीखने के लिए स्लैब पर्यवेक्षण और अन्य सेवाओं के लिए साइट विज़िट का अनुरोध करते हैं। श्री मुकेश तोमर की कहानी एसीसी के प्रतिष्ठित ब्रांड के लिए एक वसीयतनामा है, जो लंबे समय तक चलने वाले घरों के निर्माण के लिए सबसे समर्पित, टिकाऊ और अभिनव दृष्टिकोण अपनाता है।

## पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु 'अंजी खड्ड'



**संवाददाता ● भोपाल**

**कहानी**

जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने फिर से एक नई कहानी को जन्म दिया है। ये कहानी एक पुल की है जो सिर्फ लोहे और केबल से नहीं, हिम्मत और हुनर से भी बना है। ये कहानी है भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज- अंजी खड्ड ब्रिज की जो जम्मू-कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच, अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह अद्भुत संरचना भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है। यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ जैसी सभी सीमाओं को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है।

आकर्षक डिजाईन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया है जो नदी तल से 331 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि नीव से 193 मीटर ऊंचा एक मजबूत सेंट्रल पायलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है। इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। 725 मीटर लम्बे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर बने इस ब्रिज से जम्मू-कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों लिए रोज़गार के नए अवसरो का सृजन होगा साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

### सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज

- पुल की कुल लंबाई: 725 मीटर
- नदी के तल से ऊंचाई: 331 मीटर
- सेंट्रल पायलन की ऊंचाई: 193 मीटर
- केबल की संख्या: 96
- केबल का कुल वजन: 849 मीट्रिक टन
- केबल की कुल लंबाई: 653 किलोमीटर
- निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल: 8,215 मीट्रिक टन

## मध्य प्रदेश की महिलाएं और युवा बनें आत्मनिर्भर

# मिसेस VG इंडिया 2025 विजेता रितिका शिवहरे

**संवाददाता ● भोपाल**





आज यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में मिसेस VG इंडिया 2025 का खिताब जीत चुकीं रितिका शिवहरे ने अपने विचार साझा किए। रितिका शिवहरे न केवल सौंदर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं, बल्कि एक सफल उद्यमी के रूप में भी उन्होंने देश और विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। रितिका ने अपने स्टार्टअप के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं को रोजगार देने और प्रोफेशनल्स को नए अवसर प्रदान करने के लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही 'ब्यूटी प्रोडक्ट्स' और ब्रांड को मध्य प्रदेश में लॉन्च करने जा रही हैं, जिसका उद्देश्य लोकल टैलेंट को प्रोत्साहित करना और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देना है। उन्होंने यह भी कहा "मेरा सपना है कि मध्य प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। मैं इस दिशा में हर संभव प्रयास करूंगी।" रितिका सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं और समय-समय पर समाजसेवा के लिए अपना योगदान देती हैं। वे अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता को देती हैं और उन्हें ही अपना सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत मानती हैं। उन्होंने गर्व से कहा, "भारत से खूबसूरत जगह इस दुनिया में कोई नहीं है, और मैं चाहती हूं कि हमारे देश के युवा आत्मनिर्भर बनें और आगे बढ़ें।" राजनीति में भविष्य में सक्रिय होने की इच्छा भी उन्होंने इस अवसर पर जाहिर की और कहा कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रदेश और देश के लोगों को धन्यवाद कहा और अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

## इंडिया मार्ट पोर्टल से लिया नंबर : पेमेंट के लिए फोन किया तो हत्या की धमकी दी

# व्यापारी को लालच देकर मंगवा लिया 14.85 लाख का चना

**संवाददाता ● इंदौर**

**धोखाधड़ी**

मल्हारगंज पुलिस ने 14 लाख 85 हजार रुपए के काबूली चने की धोखाधड़ी के मामले में गुजरात के एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने इंडिया मार्ट पोर्टल से नंबर लेकर अनाज व्यापारी से संपर्क किया और बड़ा मुनाफा देने के नाम पर ठगी कर दी। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार दलिया पट्टी निवासी अनाज व्यापारी कपिल भावसार ने वर्धमान इंटरप्राइजेज पंचवटी सोसायटी कैलाश रोड पारडी सैदपुर वलसाड गुजरात निवासी हार्दिक भद्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। कपिल ने 14 लाख 85 हजार रुपए का 15 टन काबुली चना गाड़ी नंबर MP09-DN-9335 में लोड करवाकर वर्धमान इंटरप्राइजेज गुजरात भेजा, पर हार्दिक ने चने के पैसे नहीं दिए।




### 15 टन चने की डिमांड

कपिल की ग्रीन्सब्रो एग्रो प्रोडक्ट्स एलएलपी के नाम से फर्म है। उन्होंने इसका रजिस्ट्रेशन इंडिया मार्ट पोर्टल पर करा रखा है। इसी पोर्टल से मोबाइल नंबर निकालकर आरोपी ने 3 अप्रैल को कॉल किया और कहा कि वह व्यापार करना चाहता है। उसने 15 टन चने की डिमांड की। कपिल ने व्यापार की शर्तें बताते हुए कहा कि 10% राशि एडवांस देनी होगी, शेष राशि गाड़ी लोड होने के बाद देनी होगी। आरोपी ने एडवांस देने से साफ इंकार कर दिया। आरोपी हार्दिक ने अगले दिन फिर कॉल किया और कहा कि वह अन्य व्यापारियों के साथ भी व्यापार करते हैं, पर कोई एडवांस पैसे नहीं मांगता। उसने कपिल से कहा कि व्यापार की शुरूआत करो, हर माह इंदौर से माल उठाऊंगा। कपिल आरोपी की बातों में उलझ गए। हार्दिक ने भरोसा बनाने के लिए 20 हजार रुपए का ऑनलाइन पैमेंट कर दिया। शेष पैमेंट माल उतरने पर आरटीजीएस से करने को कहा।

### ट्रक के गुजरात पहुंचते ही दूसरे पते पर उतरवाया माल

पुलिस ने बताया कि कपिल ने 9 अप्रैल को चने से भरा ट्रक रवाना कर दिया। ट्रक गुजरात पहुंचा तो आरोपी ने अपने पते पर माल न उतरवाकर अन्य पते पर गोदाम में माल उतरवाया। जब कपिल ने पैमेंट के लिए फोन किया, तो आरोपी ने महावीर जयंती पर बैंक बंद होने का हवाला दिया। उसने कहा कि आरटीजीएस नहीं हो पाएगा। जब दूसरे दिन पेमेंट के लिए फोन किया, तो आरोपी ने कहा कि तीन दिन बैंक की छुट्टी है। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया।

**धमकी दिया और फिर मोबाइल कर लिया स्वीच ऑफ :** 12 अप्रैल को हार्दिक के कर्मचारी ने मोबाइल किया ओर बताया कि उनके परिवार में गमी हो गई है। मोबाइल उनके पास है। चेक कोरियर के माध्यम से भेजा गया है। अगले दिन चेक नहीं मिला, तो कपिल ने हार्दिक के कर्मचारी से बात कर कहा कि पेमेंट लेने वहीं आ रहे हैं। इसके बाद हार्दिक का कॉल आया और उसने जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिया। इसके बाद व्यापारी थाने पहुंचा और पुलिस में शिकायत की।

## महिला के पेट से निकाला 8.3 किलो वजनी ट्यूमर

**इंदौर।** डॉक्टरों ने एक महिला के पेट की सर्जरी कर 8.3 किलो वजनी ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला है। यह ट्यूमर महिला के यूटेरस (बच्चादानी) की बाहरी सतह से पांच साल से जुड़ा हुआ था, जिसे महिला मोटापे का लक्षण समझ रही थी। हालांकि चार दिन पहले उसे परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने जांच की और ट्यूमर का पता चला। यदि इसका समय रहते उपचार नहीं किया जाता तो जान को गंभीर खतरा हो सकता था। इस सर्जरी के लिए महिला के परिवार की सहमति से 3 अप्रैल को इंदौर के एक प्राइवेट अस्पताल में दो घंटे तक सर्जरी की गई। मेडिकल लिटरेचर के अनुसार यह संभवतः देश में पहला मामला है, जब किसी महिला के यूटेरस की बाहरी सतह से इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया है। महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। यह घटना 47 वर्षीय महिला की है। उसने बताया कि करीब चार-पांच साल पहले उसका वजन बढ़ने लगा था, लेकिन उसने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। एक साल पहले पेट का आकार बढ़ने पर भी उसने इसे मोटापे का ही हिस्सा समझा, क्योंकि उसे लगा था कि सिजेरियन डिलीवरी के बाद आमतौर पर महिलाओं का वजन बढ़ जाता है। हालांकि, 1 अप्रैल को अचानक उसे यूरिन में परेशानी और पेट में खिंचाव होने लगा।

### 1 लाख से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था, पैकेट में देंगे, ताकि साथ ले जा सकें

# रणजीत हनुमान मंदिर पर आज चलित भंडारा

**संवाददाता • इंदौर**

**आयोजन**

रणजीत हनुमान मंदिर पर मंगलवार को चलित भंडारा होगा। एक लाख से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। सोमवार सुबह भट्टी पूजन होगा और प्रसादी बनना शुरू हो जाएगी। मंगलवार को मंदिर में फूल बंगला सजेगा। भगवान का सुंदर श्रृंगार होगा। मंदिर में लगातार बढ़ती भक्तों की संख्या को देखते हुए इस बार भी चलित भंडारा करने का निर्णय लिया है, ताकि भक्तों को कई घंटों का इंतजार न करना पड़े।

मंगलवार को मंदिर पर चलित भंडारा होगा। शाम को भगवान की आरती और छप्पन भोग अर्पित करने के बाद भंडारे की शुरुआत होगी। इस बार भक्तों को पैकेट में प्रसादी दी जाएगी। जिससे वे अपने घर भी प्रसादी ले जा सकेंगे। मंदिर के ग्राउंड में बैठाकर प्रसादी खिलाने की व्यवस्था नहीं रहेगी। क्योंकि इससे मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है और उन्हें घंटों प्रसादी के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसलिए इस बार भी चलित भंडारे का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि भक्तों को चलिए भंडारे में प्रसादी देने के लिए पैकेट की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड में आने के साथ ही एक काउंटर से भक्तों को एक पैकेट मिलेगा जो तीन खन का रहेगा। दूसरे काउंटर से रामभाजी, अगले काउंटर से चार से पांच पूरी और चौथे काउंटर से नुक्ती उस पैकेट में परोसी जाएगी। इस पैकेट में ही उसका ढक्कन भी होगा, जिसे बंद करने के बाद भक्त आसानी से उसे ले जा सकेंगे। इस तरह के पैकिंग होने से भक्त अपने घर भी ले जाकर प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे या मंदिर परिसर के बाहर भी प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे।



#### भगवान का होगा विशेष श्रृंगार, सजेगा फूल बंगला

पं.दीपेश व्यास ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे बाबा का अभिषेक होगा। इसके बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में फूल बंगला सजेगा। फूल बंगले में मोगरा, रजनीगंधा, गुलाब, कट फ्लावर आदि फूलों से मंदिर को सजाया जाएगा। गर्मी को देखते हुए फूल बंगले का आधा काम सोमवार रात को बाकी काम मंगलवार सुबह किया जाएगा। शाम को साढ़े 5 बजे भगवान की आरती होगी। छप्पन भोग और भंडारे के लिए तैयार प्रसादी का भोग अर्पित होगा। परंपरानुसार शहर के 101 मंदिरों में प्रसादी को भेजा जाएगा। शाम 6 बजे के बाद मंदिर के ग्राउंड में चलिए भंडारे की शुरुआत होगी।

#### भट्टी पूजन हुआ

पं. व्यास ने यह भी बताया कि सोमवार सुबह मंदिर परिसर में भट्टी पूजन किया गया। जिसके बाद प्रसादी बनने की शुरुआत हुई। प्रसादी के लिए 70 क्विंटल से ज्यादा आटा, 160 डिब्बे तेल, 65 डिब्बे शुद्ध घी, 800 क्विंटल बेसन और 16 बोरी शक्कर और मसाले लगेंगे। जिससे पूरी प्रसादी तैयार होगी। एक लाख से ज्यादा भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे। चलित भंडारा शाम से शुरु होकर रात तक चलेगा।

## शॉट न्यूज

### 22398 बुजुर्गों की रोक दी पेंशन, अब काट रहे निगम के चक्कर

**इंदौर**। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले बुजुर्गों में से 22 हजार 398 बुजुर्गों की पेंशन बंद हो गई है। इंदौर नगर निगम द्वारा ई-केवाईसी नहीं करने के कारण इन बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गई है। बहुत से बुजुर्ग अपनी पेंशन की राशि नहीं आने के कारण कभी नगर निगम के जोनल कार्यालय तो कभी पार्षद के कार्यालय पर चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसे बहुत से बुजुर्ग नगर निगम मुख्यालय तक भी पहुंचते हैं, लेकिन कोई भी उन्हें यह जवाब देने की स्थिति में नहीं रहता है कि आखिर उनकी पेंशन की राशि उनके खाते में क्यों नहीं आ रही है। पार्षद के कार्यालय से इन बुजुर्गों को यह कहकर रवाना कर दिया जाता है कि जोनल कार्यालय पर जाकर मालूम करो कि पेंशन कैसे रुक गई? जब बुजुर्ग जोनल कार्यालय पर पहुंचते हैं तो वहां पर कहा जाता है कि मुख्यालय पर जाकर मालूम करो कि पेंशन क्यों रुकी है?

### कंपनी मालिक ने अलग-अलग शहरों में बनाए संबंध

**इंदौर**। युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दिल्ली में जिस कंपनी में युवती काम कर रही थी, उसने उसके ऑनर पर आरोप लगाया है। पीड़िता इस मामले में अपने परिवार के साथ थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर गलत काम किया और बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। कनाड़िया पुलिस ने 23 साल की युवती की शिकायत पर निजी कंपनी के ऑनर आदित्य कुमार सिंह निवासी बिहार के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आदित्य का हेड ऑफिस दिल्ली में है। पीड़िता 2023 से यहां पर काम करती है। पुलिस के मुताबिक, युवती वर्क फ्रॉम होम करती थी। इस दौरान आदित्य से उसका संपर्क होता रहता था। 28 जनवरी 2024 को युवती के माता-पिता बाहर गए थे।

### पुलिस फायर स्टेशन, मोती तबेला से निकली फायर वाहन रैली

**इंदौर**। भारत सरकार के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह की थीम है –एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें इसी क्रम में 14 अप्रैल को पुलिस फायर स्टेशन मोती तबेला, इंदौर में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस मौके पर फायर ऑफिसर विनोद मिश्रा,इंदौर फायर ब्रिगेड के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में देशभर में अग्निशमन सेवाओं में कार्य करते हुए शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1944 में मुम्बई की बंदरगाह पर हुयी भीषण अग्नि दुर्घटना में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

### भाजपा से निष्कासित पार्षद जीतू यादव का वीडियो वायरल

# हिंदू होकर पूरे मोहल्ले को मुसलमान बनाओगे क्या

### अभी तो मैं जिंदा हूं

**संवाददाता • इंदौर**

**अतिक्रमण**

भाजपा पार्षद कमलेश कालरा कांड के बाद पार्टी से निष्कासित पूर्व एमआईसी मेंबर जीतू यादव (जाटव) का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे कुलकर्णी नगर में बनी एक दरगाह के अतिक्रमण को लेकर उग्र होते दिख रहे हैं। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक वीडियो रविवार का है। इसमें जीतू यादव निगम कर्मचारियों और एक स्थानीय व्यक्ति को फटकारते हुए नजर आ रहे हैं। वे कह रहे हैं- अभी मैं जिंदा हूं। कहीं गया नहीं हूं। अभी यहीं हूं।



#### रहवासी से बोले- बंद करो तुम्हारी दुकानदारी

निगम सूत्रों के मुताबिक, रविवार को पार्षद जीतू यादव कुलकर्णी नगर में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने दरगाह के पास अतिक्रमण होते देखा। इस दौरान वे श्यामू नाम के व्यक्ति से कहते हुए दिख रहे हैं- यह बंद करो, तुम्हारी दुकानदारी। मैं कई बार हिंदी में समझा चुका हूं। आप पिता जी की उम्र के हो, इसलिए कुछ बोलता नहीं हूं। आपको क्या लगा, मैं चला गया? अभी मैं जिंदा हूं और यहीं हूं। जीतू ने कहा कि जरा-सी दरगाह थी, अब इतना बड़ा चबूतरा बना दिया। इसे खजराना और आजाद नगर बना दोगे क्या? शर्म आनी चाहिए तुम्हें। हिंदू होकर मुसलमान बन गए। क्या पूरे मोहल्ले को मुसलमान बनाओगे?

#### निगमकर्मियों से बोले- पैसे लेकर काम करते हो

वीडियो में जीतू यादव निगम कर्मचारियों पर भी नाराजगी जताते नजर आते हैं। वे कहते हैं- तुम यहां किससे पूछकर आ गए हो? जेसीबी किससे पूछकर लाए? मेरे बिना पूछे कैसे आए? मैं तुम्हारी शिकायत महापौर और कमिश्नर से करूंगा। पैसे लेकर काम करते हो यहां। वहां लोग बुलाते हैं तो चार-चार दिन लग जाते हैं, और यहां बिना पूछे चले आए?

### अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली ट्रेन शुरू

**संवाददाता • इंदौर**

अंबेडकर जयंती पर इंदौर के महू (अंबेडकर नगर) से दिल्ली के लिए यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिली है। महू स्टेशन पर रविवार रात साढ़े 10 बजे डा. अंबेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या- 20155/56 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महू स्टेशन पर कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री मोहन यादव और सांसद शंकरलाल लालवानी ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में मंच पर केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक उषा ठाकुर मौजूद रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा को नई दिल्ली एवं महाकाल की नगरी उज्जैन, मध्य प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर व अंबेडकर नगर से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

**ये है शेड्यूलः** एक्सप्रेस संख्या- 20156 नई दिल्ली से रोज रात 23.25 बजे चलेगी और 848 किमी का सफर लगभग 13 घंटे में तय कर कोटा, नागदा, उज्जैन, देवास और इंदौर के रास्ते अंबेडकर नगर अगले दिन दोपहर 12.50 बजे पहुंचेगी। एक्सप्रेस संख्या- 20155 रोज अंबेडकर नगर से दोपहर 15.30 बजे चलकर सुबह 4.25 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

### सुबह 8 से रात 8 के बीच 25 फेरे मेट्रो के, QR कोड वाली होगी टिकट, किराया 20-30 रूपए



**संवाददाता • इंदौर**

**खुशखबरी**

मेट्रो का इंतजार कर रही जनता के लिए बड़ी खुशखबरी है। मेट्रो में लोगों को एक सप्ताह तक निःशुल्क यात्रा करने का मौका मिलेगा। इसके अगले सप्ताह में सिर्फ 25 प्रतिशत किराया लगेगा और फिर यह धीरे धीरे बढ़ता जाएगा। मप्र मेट्रो रेल निगम लिमिटेड द्वारा इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर राजस्व परिचालन तिथि निर्धारित होते ही आरंभ किया जाएगा। इस कॉरिडोर के लिए ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (AFC) बिज़नेस मैनुअल एवं फेयर मैट्रिक्स को अनुमोदित कर दिया गया है। फेयर मैट्रिक्स को AFC सिस्टम में एकीकृत कर परीक्षण किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में यात्रियों को QR कोड आधारित टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भविष्य में चरणबद्ध रूप से अन्य डिजिटल टिकटिंग प्लेटफॉर्म भी शुरू किए जाएंगे।

#### प्रमोशनल डिस्काउंट योजना प्रारंभिक 3 माह के लिए

यात्रियों को आकर्षित करने एवं सुविधा का प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रारंभिक तीन माह के लिए विशेष किराया छूट योजना लागू की जा रही है। द्वारा AICTSL के साथ मिलकर मेट्रो यात्रियों के लिए बस सेवाओं के एकीकरण के माध्यम से लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के लिए विचार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यात्रियों को बड़ा गणपति से इंदौर एयरपोर्ट टर्मिनल, सुपर कॉरिडोर होकर लवकुश चौराहा/आईएसबीटी तक एकीकृत मेट्रो बस सेवा प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है।

#### अवधि बेस फेयर पर छूट (%) टिकट प्रकार

- प्रथम सप्ताह 100 निशुल्क QR टिकट
- द्वितीय सप्ताह 75 छूट युक्त QR टिकट
- तृतीय सप्ताह 50 छूट युक्त QR टिकट
- चौथा सप्ताह से 3 माह तक 25 छूट युक्त QR टिकट

##### स्टेट प्रेस क्लब मप्र के तीन दिनी भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का समापन

### निष्पक्ष चुनाव आयोग हो, ईवीएम पर भरोसा नहीं : दिग्विजयसिंह

**संवाददाता • इंदौर**

स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के समापन दिवस पर भी मीडिया शिक्षा, और स्वास्थ्य मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ भारतीय राजनीति पर भी बैबाकी के साथ बातचीत हुई। महोत्सव में देशभर से आए मीडियाकर्मियों, सोशल इन्फलूयंसर ने मंच पर उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और राज्यसभा सांसद, टीवी पत्रकार अमृतासिंह, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित कई हस्तियों से सवाल-जवाब भी किए गए।



महोत्सव में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का पत्रकारिता कॉलेज सहित निजी यूनिवर्सिटी के शोधार्थी छात्र-छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रही।पहले सत्र के मुख्य वक्ता दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश में एक ऐसा निष्पक्ष चुनाव आयोग बनना चाहिए, जो ईमानदारी के साथ कार्य कर सके। वर्तमान में जो चुनाव आयोग है, उसकी भूमिका एक राजनीतिक दल की तरह होकर रह गई हैं, जो जनता के बजाय सरकार के प्रति अधिक जवाबदेह है। चुनाव के दौरान प्रयुक्त होने वाली ईवीएम पर मेरा विश्वास नहीं हैं और मैं ईवीएम से चुनाव कराने के पक्ष में भी नहीं हूं। देश में चुनाव मतपत्र और मतपेटियों से ही हो।

### नलों में प्रेशर कम, बोरिंग भी सूखे अब टैंकरों का लेना पड़ रहा सहारा

**इंदौर**। तापमान बढ़ने के साथ ही शहर में जलसंकट गहराने लगा है। कई इलाकों में टैंकरों से जल वितरण करना पड़ रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह बोरिंगों का बंद होना है। ज्यादातर घरों में बोरिंगों से जलापूर्ति हो जाती है। गर्मी में कई बोरिंगों ने या तो पानी देना बंद कर दिया है या फिर उनमें पानी का दबाव कम हो गया है। इस कारण ज्यादातर इलाके नर्मदा जल पर निर्भर हो चुके हैं। शहर में रोज जलापूर्ति होती है, लेकिन नलों में भी पानी का प्रेशर कम हो गया है। लोग पंप लगाकर पानी खींचते हैं। इस कारण दूसरे घरों में नल नहीं आते हैं। जलसंकट को देखते हुए नगर निगम ने 100 से ज्यादा टैंकर किराए पर ले रखे हैं। हर वार्ड में एक टैंकर जल वितरण के लिए भेजा है। जो वार्ड क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़े हैं। वहां दो टैंकरों की डिमांड आने लगी है। शहर की कई कॉलोनियों में पानी ठीक से नहीं मिलने की समस्या को देखते हुए सोमवार सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव बिजलपुर स्थित नर्मदा नियंत्रण कक्ष पर निरीक्षण करने पहुंचे।

### जो खुद क्रॉस ब्रीड हो, सनातन के बारे में उसे क्या पता होगा

**संवाददाता • इंदौर**

बाबा साहब आंबेडकर जयंती पर बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव ने राहुल गांधी पर बड़ा सियासी हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी को क्रॉस ब्रीड बताते हुए कहा कि जो खुद क्रॉस ब्रीड हो, उसे सनातन के बारे में क्या पता। मौके पर जनेऊ पहनने वाले मौके पर गंगा स्नान करने वाले उल्टी आरती करने वालों के दिमाग खराब है, उसे ठीक करें। कांग्रेस ने 70 सालों तक दलितों को गुलाम बनाकर रखा। इस देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य हैं कि उस महापुरुष को अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली में जमीन नहीं दी गई। मुंबई में जहां कचरा था, उन्हें कचरे में दफनाया गया। दलितों से कांग्रेस



को माफी मांगना चाहिए। नेहरू ने खुद लिखकर दिया था कि बाबा साहब को हटा दिया जाए। ये सबसे बड़ा सवाल है कि 70 सालों तक कांग्रेस ने अपनी जेब में रखकर खेला हैं और आज संविधान की बात कर रहे हैं। ये लाल संविधान कौन सा आ गया देश में। ये जिस संविधान की बात ये लोग कर रहे है, जिस समुदाय की राजनीति कांग्रेस करती है, क्या ये लोग मानते है भारतवर्ष हमारा हैं।

# दलित की बरात को मंदिर जाने से रोका

**संवाददाता • इंदौर**

**घटना**

बेटमा के ग्राम सांघवी में सोमवार को दबंगों ने दूल्हे और बरात को मंदिर में प्रवेश करने से रोक दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बरात का विरोध होते देख वापस भेज दिया गया। बाद में करीब दो घंटे की समझाइश के बाद दूल्हे को दोबारा बुलाया गया और उसे अकेले मंदिर ले जाकर दर्शन करवाए गए।

बेटमा में सोमवार को अंकित बलाई की बरात निकाली गई। परंपरा के अनुसार बरात राम मंदिर पहुंची, जहां दूल्हा भी शामिल था, लेकिन मंदिर पर मौजूद कुछ दबंगों ने दलित समाज की बरात का विरोध किया और मंदिर के गेट पर खड़े होकर उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पहले थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने



विरोध कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद बरात को मौके से हटा दिया गया। बाद में टीआई मीना कर्णावट भी मौके पर पहुंचीं और विरोध कर रहे लोगों से बातचीत की। बातचीत के बाद दूल्हे के चाचा लखन को मंदिर में ले जाकर माथा टेकवाया गया। इसके बाद बरात आगे बढ़ सकी। घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों तक भी पहुंची। बलाई समाज के लोगों का आरोप था कि उनके साथ हमेशा ऐसा ही भेदभाव किया जाता है। उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाने की चेतावनी दी है। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर मामला शांत करा दिया है।

#### घटना को अफवाह बताया

ग्रामीण एएसपी रुपेश द्विवेदी ने घटना को अफवाह बताया। उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर दलित दूल्हे को मंदिर में प्रवेश से रोकने संबंधी अफवाह चल रही है। दूल्हे और उसके परिवार के लोगों ने मंदिर में जाकर बाकायदा पूजा-अर्चना की और फिर शांतिपूर्वक बरात भी निकाली। इतना जरुर है कि बराती पक्ष मंदिर के गर्भगृह में जाने की बात कर रहा था। इस पर वहां उपस्थित लोगों ने समझाइश दी और मंदिर में पूजा करवाकर बरातियों को रवाना किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बरातियों को समझाया।

# देश की सांस्कृतिक टेपेस्ट्री समझकर अच्छे सेल्सपर्सन बन सकते हैं

12 अप्रैल को जहां देश के अधिकांश हिस्सों में हनुमान जयंती मनाई गई, वहीं देश के विभिन्न प्रांतों में फैले हुए विविध समुदाय अपनी कला और विविधता से भरे खानपान का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न तरीकों से 20 अप्रैल तक बैसाखी, पोइला बोइ-शाख, पुथांडु, विशु और बिहू मनाएंगे, जिसे मैं अपनी खूबसूरत सांस्कृतिक ह्यटेपेस्ट्रीह्ल कहता हूं। टेपेस्ट्री क्या है? ये एक प्रकार की वस्त्र कला है, जिसे पारंपरिक रूप से करघे पर हाथ से बुना जाता है। सामान्यतः इसका उपयोग चित्र बनाने में होता है, न कि पैटर्न के लिए। सदियों पहले, यह दो आयामों में चित्रात्मक छवियों के लिए सबसे महंगा माध्यम था।

पेंटिंग के महत्व में तेजी से वृद्धि के बावजूद, टेपेस्ट्री ने 16वीं शताब्दी के अंत तक कई पुनर्जागरण संरक्षकों की नजर में अपनी स्थिति बनाए रखी। तब से कलात्मक शैलियों में व्यापक परिवर्तन हुए, लेकिन हमारी सांस्कृतिक टेपेस्ट्री (जिसे परंपराएं भी कहा जाता है) माता-पिता से बच्चों को सौंपी जाती रही और इस प्रकार यह आज तक सुरक्षित रही है, और निश्चित रूप से भविष्य में भी। मुझे बाकियों का नहीं पता, लेकिन स्कूल नहीं गए सेल्समैन कई बार हमसे ज्यादा जानते हैं। मुंबई की सड़कों पर बोरिवली से चर्चगेट या ठाणे से सीएसटी तक यात्रा करें, हर सिग्नल पर 9-14 वर्ष के युवा लड़के जो सामान बेचते हैं, वह अगले दिन के हमारे त्योहारों से जुड़ा होता है। लाल और हरे सिग्नल के बीच आने वाली 30 से 180 सेकंड की विंडो में ये युवा लड़के-लड़कियां आसानी से इन सांस्कृतिक ह्यटेपेस्ट्रीह्ल को पेश करते हैं।

वे इनमें से किसी का भी जश्न नहीं मनाते, लेकिन वे इसके बारे में सब कुछ जानते हैं। मैं चेंबूर (जहां कई दक्षिण भारतीय रहते हैं) के पास एक सिग्नल पर एक ऐसे ही युवा सेल्समैन से मिला, जो ह्यकोलमह्ल (रंगोली) बनाने के विभिन्न टूल्स बेच रहा था। अपनी पूरी बिक्री पिच में उसने एक बार भी यह नहीं कहा कि यह रंगोली के लिए एक टूल है। उसने ह्यकोलमह्ल का उल्लेख कम से कम दस बार किया। इससे

**भारत को अक्सर विविधता की भूमि और संस्कृतियों, परंपराओं, भाषाओं, धर्मों के संगम के रूप में जाना जाता है। हजारों वर्षों के समृद्ध इतिहास के साथ, हम भारतीयों के पास रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों, कलाओं और व्यंजनों का एक रंगीन मिश्रण है, जो देश की बहुसांस्कृतिक धरोहर और जीवंत पहचान को दशार्ता है। और इन्हें साल दर साल मनाना कई लोगों को प्रेरित करता है और इस प्रकार वे उन सेल्समैन से सामान खरीदने के लिए तैयार होते हैं जो उनकी संस्कृति को समझते हैं।**

कई लोग खिंचे चले आए और बिहार के इस युवा लड़के से सामान खरीद लिया।

भारत को अक्सर विविधता की भूमि और संस्कृतियों, परंपराओं, भाषाओं, धर्मों के संगम के रूप में जाना जाता है। हजारों वर्षों के समृद्ध इतिहास के साथ, हम भारतीयों के पास रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों, कलाओं और व्यंजनों का एक रंगीन मिश्रण है, जो देश की बहुसांस्कृतिक धरोहर और जीवंत पहचान को दशार्ता है। और इन्हें साल दर साल मनाना कई लोगों को प्रेरित करता है और इस प्रकार वे उन सेल्समैन से सामान खरीदने के लिए तैयार होते हैं जो उनकी संस्कृति को समझते हैं, भले ही वह उनके समुदाय का न हो। यही टेपेस्ट्री की खूबसूरती है! यदि आप इन अप्रशिक्षित सेल्समैन को देखें, तो वे जानते हैं कि बिक्री के समय को कैसे कंट्रोल करना है। जब वह किसी ऑटोरिक्शा में बैठे बंगाली को सुनते हैं, तो उनके त्योहार के बारे में बात करते हैं और अगर किसी पंजाबी को देखते हैं, तो तुरंत दिमाग को स्विच करते हुए बैसाखी के बारे में बात करने लगते हैं। 30-180 सेकंड का सिग्नल टाइम सुनने के लिए एक प्रीमियम जगह है, न कि बात करने के लिए। वह बेफिजूल बातों पर कान देने के बजाय सिर्फ अपने काम की सौ फीसदी बातें सुनकर सेल्स की भनक ले लेते हैं। इन स्कूल नहीं गए बच्चों से मैंने एक शानदार एमबीए लेसन सीखा। वे सचमुच एक डील के ह्यलाइफ स्पैनह्ल को जानते हैं। दिन के दौरान वे जो अधिकांश सौदे करते हैं, उनमें एक छुपी स्क्रिप्ट होती है, जो कई संस्कृतियों के साथ लिपटी होती है, जिसे वे सिग्नल में बचे सेकंड के आधार पर छोटा या बढ़ा देते हैं। और ये लड़के कभी यह महसूस नहीं कराते कि बिक्री एक घुसपैठ है। उस कम समय में वे आपको हामी में सिर हिलाने के लिए मजबूर कर देते हैं, जिसके लिए आप कुछ सेकंड पहले तैयार नहीं थे। फंडा यह है कि यदि आप एक अच्छा सेल्समैन बनना चाहते हैं, तो आपको अपनी शिक्षा के अलावा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक ह्यटेपेस्ट्रीह्ल से भी अवगत होना चाहिए।

## संत वचन

इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा। फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा।

# मागा की तरह भागा

हमारे दो प्लॉट हैं कोई साढ़े-तीन सौ, साढ़े तीन सौ गज के । एक में घर, एक में बाड़ा। वैसा बाड़ा नहीं जिसमें लालच और भय से दल बदलवाकर किसी की सरकार गिराकर अपनी सरकार बनाने के लिए विधायकों की बाड़ाबंदी की जाए । यह तो हमारा ह्यवंताराह्य है । वह वंतारा नहीं जहाँ दुष्यंत पुत्र भरत की तरह मोदी जी सिंह शावकों को दूध पिलाते हैं या उनके दाँत गिनते हैं । न ही इस में पशु-पक्षियों को वंतारा की तरह किसी बहाने या योजना के तहत मनमाने नियमों के अनुसार लाया जाता है । यहां तो एक नीम का, एक जामुन का और एक अमरूद कुल तीन पेड़ हैं । नीम पर गिलोय है लेकिन कोई करेला नहीं । जिनके जामुन और अमरूद तोतों, चिड़ियों और गिलहरियों के खाने के बाद बचते हैं तो हमें उपलब्ध होते हैं जो कि अँगुलियों पर गिनने जितने ही होते हैं ।

हां, दीवाली पर इन पेड़ों की बड़ी शाखाओं को छोड़कर छोटी-छोटी शाखाएँ काट देते हैं । इस क्रिया को अंग्रेजी में प्रूनिंग कहते हैं और मारवाड़ी में ह्यछाँगनाह्ल । यह जरूरी है । शाखाएँ अधिक होने से उनमें बंदर अधिक पनपते हैं । राम रावण युद्ध में उनका कोई रोल रहा होगा लेकिन आज जलाने या लूटने के लिए कोई सोने की लंका नहीं है तो क्या । बाहर सूखते कपड़े ही उठा ले जाते हैं । ऐसे ही संस्कृति, धर्म और कर्मकांड की भी समय-समय पर छँटाई करते रहना चाहिए । हर साल कुएँ-तालाब की सफाई की तरह।आजकल सर्दी कम हो गई है इसलिए हम पेड़ों की छंटाई के पत्तों-शाखाओं को निबटाने में लगे हैं । सर्दी के कपड़े गरम पानी में से निकालकर रख देंगे । बाड़े में चूल्हा जलाकर बरामदे में बैठे थे कि तोताराम ने आते ही कहा- मास्टर, तेरे बाड़े में कहीं कोई नोट तो नहीं जा रहा ? धुआं-धुआं हो रहा है ।

हमने कहा- नोट कौन जलाता है ? यह तो मोदी जी ने 15-15 लाख सबके खाते में नहीं डाले । न ही 18 महिने का डीए का एरियर दिया और न ही जनवरी 2025 से ड्यू डीए का एरियर दिया । लेकिन नोट जलाने जितनी समृद्धि तो तब भी नहीं आती।बोला- वैष्णव जन मुकेश अंबानी ने भी तो अपने बेटे की शादी में 5 हजार करोड़ रुपए फूंक दिए कि नहीं ? हमने कहा- इसे फूंकना नहीं कहते । यह तो वेल्थ का डाउन वर्ड फिल्ट्रैशन कहते हैं। जैसे किसी नेता की रैली में लाखों लोगों को अच्छी दिहाड़ी मिल जाती है- देसी दारू का एक पव्वा, गुटखा, खाने का पैकेट और तीन सौ रुपए नकद । या जैसे कुम्भ में नाव वाला या दातुन बेचने वाला करोड़पति बन जाता है या कोई मोनालिजा हीरोइन । मंदिर बनाकर क्या योगी-मोदी जी ही चुनाव में लाभान्वित थोड़े होते हैं, अर्थव्यवस्था में भी तो बूम आता है । ऐसे ही पांचवे स्थान पर थोड़े आ गई है अर्थव्यवस्था। बड़ी शादियों में कोई सिर पर ट्यूब लाइट रखकर चलता है, तो गधा जेनेरेटर वाली गाड़ी खींचता है । कई तरह के रोजगार हैं ।

**एडिट.नोट**

बोला- फिर भी एक बार बाड़े में जाकर देख तो ले । दिल्ली ने तो पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए दंडित कर दिया। तेरे यहाँ नोट जल रहे हैं तो और कुछ नहीं तो प्रदूषण का चार्ज तो बनता ही है । हमने कहा- जलाने को और बहुत कुछ है। शायर के पास और कुछ नहीं तो भी-दिल को जलाके दी है जमाने को रोशनी जुगनू पकड़के हमने उजाले नहीं किए हमने कहा- अब दिल जलाने की जरूरत नहीं है । पीएम सूर्यघर फ्री बिजली योजना के तहत सरकार ने 75,000 करोड़ के निवेश का ऐलान किया था । इसमें अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाने वालों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली के साथ ही सब्सिडी देने की व्यवस्था भी की गई, जो इसे लोकप्रिय बनाती है। बोला- बिना बात की बकवास में टाइम खोटी मत कर । जितने सौ-पचास नोट साबुत बचे हों उन्हें निकाल ले । तेरे नहीं तो क्या, नोट तो हैं ।लोग तो सीधा नाले या चूल्हे में हाथ डाल देते हैं । तू चिमटे से ही निकाल ले । पर्यो अपावन ठौर में कंचन तजे न कोये।

**थॉमस एल. फ्रीडमैन - लेखक**

# आखिर कैसी दुनिया बनाना चाहते हैं ट्रम्प और

एक समय था जब अमेरिका के राष्ट्रपति और इजराइल के प्रधानमंत्री के बीच होने वाली मुलाकातें इजराइल और अमेरिकी यहूदियों दोनों के लिए गर्व की बात हुआ करती थी। लेकिन ओवल ऑफिस में ट्रम्प और नेतन्याहू की मुलाकात की तस्वीरें देखने पर जो भावनाएं मेरे अंदर उमड़ीं, वो कम से कम गर्व की तो नहीं थीं। ये दो ऐसे नेता हैं, जो मनमानी करते हैं और अपने देश में कानून के राज को कमजोर करने के लिए काम कर रहे हैं। वे जातीय राष्ट्रवाद को तूल देते हैं। वे अपने विरोधियों को दुश्मन मानते हैं। और उन्होंने अपने मंत्रिमंडलों को ऐसे नाकारा लोगों से भर दिया है, जिन्हें देश के कानून के बजाय उनके प्रति वफादारी के लिए चुना गया है। वे यह मानते हैं कि उन्हें क्षेत्रीय विस्तार का दैवीय अधिकार प्राप्त है- फिर चाहे वह अमेरिका की खाड़ी से ग्रीनलैंड तक हो या वेस्ट बैंक से गाजा तक।

2008 में, फरीद जकारिया ने ह्यद पोस्ट-अमेरिकन वर्ल्ड नामक एक दूरदर्शी पुस्तक प्रकाशित कराई थी। उन्होंने तर्क दिया था कि जहां अमेरिका दुनिया की प्रमुख शक्ति बना रहेगा, वहीं बाकी देशों के उदय- जैसे चीन और भारत के चलते शीत युद्ध के बाद वाली दुनिया में अमेरिका का प्रभुत्व कम होता जाएगा। ट्रम्प और नेतन्याहू दोनों ही अपने-अपने देश में ह्यपोस्ट-अमेरिकाह्ल और पोस्ट-इजराइल दुनिया बनाने में लगे हुए हैं। हालांकि, ह्यपोस्ट-अमेरिका से मेरा आशय ऐसे अमेरिका से है, जो एक देश के रूप में अपनी मूल पहचान को त्याग रहा है। अमेरिका की मूल पहचान कानून के राज से संचालित होने वाले एक ऐसे देश की थी, जो वृहत्तर मनुष्यता की बेहतरी के लिए काम करता है। वहीं ह्यपोस्ट-इजराइलह्ल से भी मेरा मतलब ऐसे इजराइल से है, जो अपनी मूल पहचान को त्याग रहा है। इजराइल की मूल पहचान शत्रुओं के बीच गर्व से संचालित होने वाले ऐसे लोकतंत्र की थी, जो फिलिस्तीनियों के साथ स्थायी-शांति को प्राथमिकता देता है।


ट्रम्प और वैंस एक ऐसा अमेरिका बनाना चाहते हैं, जो यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक, मुक्त बाजार, कानून के शासन वाले सहयोगियों के साथ तिरस्कारपूर्ण व्यवहार करता है। ट्रम्प ने हाल ही में कहा कि यूरोपीय संघ को अमेरिका को बरबाद करने के लिए बनाया गया था। इस बात को उन्होंने ओवल ऑफिस में नेतन्याहू के बगल में बैठकर फिर दोहराया। इस बयान से झलकने वाली ऐतिहासिक अज्ञानता आपकी सांसें रोक देने वाली है। ट्रम्प और वैंस हमें एक ऐसे अमेरिका में ले जाना चाहते हैं, जो अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहे यूक्रेन को सैन्य सहायता देने के बदले उनके खनिज अधिकारों की मांग करता है। वे अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ाने की तो बात ही छोड़िए, उसे बनाए रखने में भी रुचि नहीं रखते। वे इस तथ्य से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं कि यदि हम अपनी सॉफ्ट पावर को खो देते हैं, तो हम अन्य देशों को अपने साथ जोड़ने की अपनी क्षमता भी खो देंगे। अपने हितों और मूल्यों के प्रति अधिक ग्रहणशील विश्व का निर्माण करना ही वह ताकत थी, जो हमें रूस और चीन से ऊपर रखे हुए थी। स्टैनफर्ड के लोकतंत्र-विशेषज्ञ लैरी डायमंड ने मुझे बताया कि बिना सोचे-समझे अपने कई सहयोगियों को नीचा दिखाकर ट्रम्प न केवल अमेरिकी मूल्यों को नष्ट कर रहे हैं, बल्कि वे अमेरिका को ह्यफिर से कमजोरह्ल भी बना रहे हैं।

नेतन्याहू ने भी इसी तरह के पोस्ट-इजराइल को बनाने में कड़ी मेहनत की है। ट्रम्प ने अपने एफबीआई निदेशक को बाहर कर दिया; नेतन्याहू भी रोनेन बार के साथ ऐसा ही करने वाले हैं। वे इजराइल की एफबीआई कहलाने वाली शिन बेट के प्रमुख हैं और नेतन्याहू के कुछ शीर्ष सहयोगियों के कतर सरकार से कथित संबंधों को लेकर जांच कर रहे हैं।

नेतन्याहू खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इजराइली विपक्ष और बंधकों के कुछ रिश्तेदारों द्वारा उन पर यहूदी वर्चस्ववादियों को खुश करने के लिए गाजा युद्ध को लंबा खींचने का आरोप लगाया गया है। इसके चलते वे सत्ता में बने रहकर जेल से बाहर रह सकते हैं।नेतन्याहू इजराइल के स्वतंत्र और साहसी अटॉर्नी जनरल को हटाने की भी कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वे स्पष्ट रूप से मानते हैं कि वे उनके प्रति निष्ठावान नहीं हैं। नेतन्याहू 2022 से ही सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करने के मिशन पर भी लगे हुए हैं। वेस्ट बैंक और गाजा पर कब्जा करने और अधिक से अधिक फिलिस्तीनियों को बेदखल करने का उनका मकसद केवल तभी पूरा हो सकता है, जब प्रधानमंत्री और उनके यहूदी वर्चस्ववादी गठबंधन को नियंत्रित करने की अदालत की शक्ति को तोड़ दिया जाए।

## बिजनेस

# हर दिन बना रहा रिकॉर्ड.... सोना अभी और चढ़ेगा या जाएगा नीचे? आ गई है सटीक भविष्यवाणी



नई दिल्लीः सोना तेजी के रथ पर सवार है। आए दनि यह अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। अब इसे लेकर गोल्डमैन सैक्स ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ट्रेड वॉर के कारण सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती हैं। इस हसिाब से सोना 1.30 लाख रुपये प्रता 10 ग्राम पर पहुंच सकता है। अभी सोने का भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस है।

इस तरह कीमतों में लगभग 38 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। गोल्डमैन सैक्स ने अमेरिकी-चीन व्यापार युद्ध और मंदी की आशंकाओं को देखते हुए यह अनुमान लगाया है।विदेशी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि अगर हालात बहुत खराब होते हैं तो 2025 के अंत तक सोने की कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा, उसका यह भी कहना है कि सामान्य स्थिति में भी सोने की कीमतें 2025 के अंत तक 3,700 डॉलर प्रति औंस तक बढ़ सकती हैं।गोल्डमैन सैक्स ने 2025 के अंत के लिए सोने के टारगेट में तीसरी बार बदलाव किया है। इससे पहले, इस विदेशी बैंक ने सोने की कीमत का टारगेट 3,300 डॉलर प्रति औंस तय किया था।विदेशी फर्म का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसलिए, मंदी से बचने के लिए सोने की मांग बढ़ गई है।पिछले हफ्ते सोने की कीमतों में 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कोविड-19 के बाद सोने का यह सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन था।

इसकी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ से वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता है। इससे सोने की कीमतों को सहारा मिल रहा है। रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब है कि अगर कोई देश अमेरिका से आयात पर टैक्स लगाता है तो अमेरिका भी उस देश से आयात पर टैक्स लगाएगा।बाजार के जानकारों का कहना है कि मंदी का खतरा, बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और वित्तीय अस्थिरता की चिंता निवेशकों को सोने की तरफ आकर्षित कर रही है। 'बॉन्ड यील्ड' का मतलब है कि बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज। जब बॉन्ड यील्ड बढ़ती है तो इसका मतलब है कि निवेशकों को बॉन्ड में निवेश करने पर ज्यादा फायदा मिल रहा है।सिर्फ व्यक्तिगत निवेशक ही नहीं, बल्कि संस्थान और केंद्रीय बैंक भी सोने की मांग बढ़ा रहे हैं। इससे कीमतों को सहारा मिल रहा है। इस साल की पहली तिमाही में गोल्ड आधारित एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 2020 के बाद से सबसे ज्यादा निवेश हुआ है। एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) एक तरह का निवेश है जो सोने में निवेश करता है।

**राज-काज**

## अंबानी और अडानी समेत भारतीय अमीरों को क्यों हुआ नुकसान?

**नई दिल्ली।** साल 2025 में अब तक भारत के सबसे अमीर कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ है। उनकी संपत्ति में करीब 30.5 अरब डॉलर (2.6 लाख करोड़ रुपये) की कमी आई है। शेयर बाजार में अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण ऐसा हुआ है। ज्यादातर नुकसान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण हुआ है। ट्रंप ने आयात-निर्यात पर ज्यादा टैक्स लगाया है, जिससे दुनियाभर में व्यापार तनाव बढ़ गया है। इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ा है। भारत समेत कई देशों के शेयर बाजार धड़ाम हो गए। इस वित्तीय संकट का असर न केवल दुनिया के अमीरों, बल्कि मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, शिव नादर, सावित्री जिंदल, दिलीप सांघवी और अजीम प्रेमजी जैसे भारत के बड़े उद्योगपतियों पर भी पड़ा है। मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर आदमी हैं।

# 30 दिन में 40%, 50 दिन में 100% रिटर्न... लगातार पैसा बरसा रहा यह शेयर, एक लाख के बना दिए 5 लाख रुपये

**नई दिल्ली।** साल 2025 में शेयर मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ है। शुक्रवार को मार्केट में काफी तेजी आई थी। हालांकि बात अगर इस साल यानी 2025 की करें तो सेंसेक्स में गिरावट बनी हुई है। वहीं कुछ शेयरों पर इस गिरावट का कोई असर नहीं पड़ रहा है। इनमें तेजी बनी हुई है। ऐसा ही एक शेयर मल्टीबैगर बना हुआ है। इसका नाम आरडीबी रियल एस्टेट कंस्ट्रक्शन लिमिटेड है।

आरडीबी शेयर ने मात्र एक महीने में करीब 40 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं इसने दो महीने से भी कम समय में निवेश को दोगुना कर दिया है। यही नहीं, इस शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। शुक्रवार को भी यह शेयर 2 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 68.04 रुपये पर जाकर बंद हुआ।इस शेयर ने मात्र 50 दिनों में डबल रिटर्न दिया है यानी निवेशकों की रकम को दोगुना कर दिया है। 21 फरवरी को इसकी कीमत 33.87 रुपये थी। अब 68.04 रुपये है। 21 फरवरी से लेकर अब तक करीब 50 दिनों में 100 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं बात अगर दो महीने की करें तो इसका रिटर्न 200 फीसदी से ज्यादा रहा है। दो महीने पहले यानी 11 फरवरी को इसकी कीमत करीब 20 रुपये थी। वहीं 11 अप्रैल को यह शेयर 68.04 रुपये पर पहुंच गया। ऐसे में इसने इन दो महीने में 240 फीसदी रिटर्न दिया है।इस शेयर ने बहुत कम समय में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। बात अगर 100 दिनों की करें तो यह रिटर्न 400 फीसदी रहा है। यह शेयर 30 जनवरी 2025 को शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। 31 जनवरी को इसकी कीमत 13.54 रुपये थी। अब 68.04 रुपये है। ऐसे में 31 जनवरी से लेकर अब तक इसका रिटर्न 402 फीसदी रहा है।अगर आपने 31 जनवरी को इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो वह रकम बढ़कर 5 लाख रुपये हो चुकी होती। यानी इन 100 दिनों में ही आपको एक लाख रुपये के निवेश पर 4 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।इस कंपनी की स्थापना 2018 में हुई थी।

# सरकार की भरेगी जेब, रिजर्व बैंक देगा 2.5 लाख करोड़!

**नई दिल्ली।** सरकार को रिजर्व बैंक से बड़ी रकम मिलने वाली है। जानकारों का कहना है कि वित्त वर्ष 25 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (फ्इक) सरकार को जो सरप्लस (अतिरिक्त) पैसा ट्रांसफर करेगा, वो आसानी से 2.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकता है। पिछले साल फ्इक ने जितना बड़ा डिविडेंड (मुनाफे का हिस्सा) दिया था, ये उससे भी लगभग पांचवां हिस्सा ज्यादा होगा। जब रिजर्व बैंक को मुनाफा होता है तो वह उसका कुछ हिस्सा सरकार को देता है। यानी रिजर्व बैंक के ज्यादा मुनाफे की वजह से सरकार को फायदा होगा। जानकारों का मानना है कि ये रकम सरकार के ऋ26 के बजट अनुमान से भी ज्यादा हो सकती है।

इससे सरकार को ज्यादा कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उम्मीद है कि इस साल राज्यों के विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज का हिसाब-किताब रखता है। यह मई के आखिर में सरकार को बताएगा कि वो वित्त वर्ष 25 के लिए कितना सरप्लस पैसा ट्रांसफर करेगा। पिछले साल रिजर्व बैंक ने 2.1 लाख करोड़ रुपये दिए थे।अर्थशास्त्रियों का मानना है कि रिजर्व बैंक ने रुपये की कीमत को बचाने के लिए डॉलर की खूब बिक्री की है। साथ ही फ्इकने बैंकों को जो पैसा दिया, उससे भी उसे ब्याज मिला है। इन वजहों से फ्इक इस बार सरकार को ज्यादा पैसा दे सकता है।

एक विदेशी बैंक समूह का तो ये भी मानना है कि ये रकम 3.5 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है।यह पैसा सरकार को अपना वित्तीय घाटा कम करने में मदद कर सकता है। वित्तीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। इसके अलावा, सरकार के खर्च करने से बैंकों के पास भी ज्यादा पैसा आएगा। सरकार ने अपने बजट में 2.2 लाख करोड़ रुपये के डिविडेंड का अनुमान लगाया था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा का कहना है कि इस डिविडेंड से सरकार को अपना वित्तीय घाटा ठीक करने में मदद मिलेगी। खासकर तब, जब अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से टैक्स कलेक्शन कम हुआ है।



रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य के साथ।

### सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक बनाते हैं इतिहास

# संस्कृति संरक्षण के साथ करेंगे प्रदेश का विकास : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत के विकास के संकल्प को लेकर दिल्ली में विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महानाट्य मंचन के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि नड्डा मध्यप्रदेश के दामाद होने के नाते उनका प्रदेश से विशेष प्रेम और लगाव है। नड्डा के मार्गदर्शन मेंं प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का जब भी मंचन हुआ है, नड्डा ने हमेशा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

**संरक्षण**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शक और हूण जैसे आक्रांताओं को परास्त कर सुशासन स्थापित किया। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है। सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह बात दिल्ली के लाल किले में विक्रमोत्सव के दौरान चित्र प्रदर्शनी और एम पी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान मीडिया से कही। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के मंचन के साथ सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं, संस्कृति और पर्यटन की जानकारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के साथ गणमान्य नागरिक और समाजसेवी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, बृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, स्थानीय कला बाग प्रिंट की साड़ियों, लड़की के खिलौनों, जरी जरदोजी कला, टेराकोटा कला के कलाकारों से परिचय लिया। उनके उत्पादों के बारे में जानने के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सम्मानस्वरूप गोंड पेंटिंग, जरी जरदोजी फोटो फ्रेम भेंट किया। साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ स्थानीय संस्कृति और कला को प्रदर्शित करते एमपी टूरिज्म पेवेलियन की सराहना की।



**सीएम ने कलाकार संतोष से उत्पाद खरीद कर बढ़ाया हौसला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवलोकन के दौरान मंडला से खजूर शिल्प के उत्पादों का भी अवलोकन किया। कलाकार संतोष खड़से ने अपने उत्पादों के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि खजूर की पत्तियों से सजावट और घरेलू उपयोग के लगभग 200 डिजाइन और उत्पादों को बनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से ही उसके उत्पादों का राजधानी दिल्ली में प्रदर्शित और बिक्री होना संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकार संतोष खड़से की कला की सराहना की और स्वयं एक पुष्प खरीदते हुए एक हजार रुपए उत्साहवर्धन स्वरुप दिए।

## शॉट न्यूज

### ग्वालियर में दो कर्मचारियों की ड्यूटी जाते वक्त मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में सूर्या फैक्ट्री के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। सुबह 5 बजे ड्यूटी के लिए निकले दोनों दोस्त बाइक पर सवार थे। जैसे ही वे भिंड रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मौके पर ही दम तोड़ बैठे। पीछे से आ रहे फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने पुलिस और परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची महाराजपुरा थाना पुलिस ने शवों को निगरानी में लेकर जेएएच के पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और अब आसपास लगे CCTV कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### बी.कॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

**भोपाल।** ईंटखेड़ी में रहने वाली बी.काम सेकेंड ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने यह कदम क्यों उठाया इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। घटना के समय परिजन रिश्तेदार के घर कार्यक्रम में शामिल होने दूसरे गांव गए थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एसआई रीना सूर्यवंशी ने बताया कि साधना सिलावट (21) पुत्री पतिराम सिलावट रायपुरा गांव ईंटखेड़ी में रहती थी। वह शासकीय गीतांजली कॉलेज से बी.कॉम सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसके करीबी रिश्तेदार के घर रविवार को मुंडन कार्यक्रम था। साधना का परिवार इस कार्यक्रम में शामिल होने बैरसिया रोड स्थित दुपाड़िया गांव गया था। परिजन जब घर लौटे तो देखा कि साधना का बेडरूम अंदर से लॉक था। गेट तोड़कर चेक किया तो पंखे के सहारे रस्सी से बने फंदे पर उसका शव लटका हुआ दिखाई दिया।

# देरी के बाद अब इस दिन आ सकती है लाड़ली बहनों की किस्त

### बीजेपी-कांग्रेस आमने सामने

**संवाददाता ● भोपाल**

लाड़ली बहना योजना मध्य प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। वहीं, लाडली बहनों की नजरें आने वाली 23 वीं किस्त पर टिकी हुई है। पहले 10 अप्रैल को कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन ये राशि नहीं आई। अब 10 अप्रैल की तारीख गुजरने के बाद ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि 23 वीं किस्त की राशि आगामी 16 अप्रैल को मध्य प्रदेश सरकार जारी कर सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल को मंडला जिले के तिकरवारा गांव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस आयोजन के दौरान सीएम मोहन यादव लाड़ली बहनों के खाते में खुशियों के 1250 रुपए ट्रांसफर कर सकते हैं। मंडला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सामूहिक विवाह में 1100 बेटियों की शादी भी होगी। कन्यादान किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। हांलाकि, साफ कर दें कि सरकार की तरफ से अभी 23वीं किस्त जारी करने को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने X पर लिखा है कि लाडली बहना योजना की किस्त को लेकर पहले बड़े-बड़े होर्डिंग देखने को मिलते थे, लिखा रहता था, 'लाडली बहनों 10 तारीख आ रही है।' लेकिन, इस बार 10 तारीख को लाडली बहनों के खाते में पैसे ही नहीं आए! क्या कर्ज में कमी हो गई या सरकार की नीयत बदल गई? वैसे भी @BJP4MP विधानसभा में मुकर चुकी है कि 1250 की मासिक राशि को 3000 प्रतिमाह तक नहीं बढ़ाया जाएगा? सरकार ने विधानसभा में ही बताया कि अब तक 15,748 महिलाओं के नाम उनकी मौत के बाद हटा दिए गए हैं। वहीं, 60 वर्ष की उम्र पूरी करने वाली 3 लाख 19 हजार 991 महिलाओं के नाम पहले ही पोर्टल से गायब हो चुके हैं। मैं फिर मांग करता हूं लाभार्थियों की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करें, नए नाम जोड़ें और 60 वर्ष की सीमा को अब 65 वर्ष करें। वोट के लिए झूठ बोलने वाली BJP ने लाडलियों को धोखा दे रही है। तुरंत वादा निभाए, 3000 रुपए प्रतिमाह भुगतान करवाए। सूत्रों और जानकारों कि मानें तो पहली बार देरी का कारण वित्त वर्ष की क्लोजिंग और फाइनेंसियल फ्लो की वजह से देरी बताई जा रही है।

**राशि नहीं बढ़ेगी**

**मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहनों की बढ़ने वाली राशि पर अपना रुख साफ किया था। सरकार ने विधानसभा में बताया कि लाडलियों की किस्त 3000 प्रतिमाह करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। अभी पहले की तरह 1250 रुपये ही किस्त में दिए जाएंगे। वहीं, इस मामले पर बीजेपी और काग्रेस आमने-सामने दिख रही हैं।**


### अचानक तेज आंधी चलने से हुआ हादसा

# स्कूल से वापस जा रहे सर-मैडम के ऊपर साइन बोर्ड, एक की मौत

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में बड़ा हादसा हुआ। देर शाम को तेज आंधी के चलते नगर निगम का साइन बोर्ड एक चलती हुई बाइक पर गिर गया। हादसे में एक निजी स्कूल के शिक्षक और शिक्षिका को गंभीर चोटें आई। दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने शिक्षक राकेश रजक को मृत घोषित कर दिया है। तो वहीं टीचर प्रतिभा मिश्रा जो गंभीर रूप से घायल है, उन्हें ट्रामा सेंटर से रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार घटना शाम करीब 5 बजे विन्ध्यनगर थाना इलाके के विंध्य नगर चौराहे पर हुई, फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल की छुट्टी होने के बाद शिक्षक-शिक्षिका घर जा रहे थे। मृतक राकेश रजक और महिला प्रतिभा मिश्रा दोनों ढोती इलाके में स्थित एक निजी विद्यालय सनराइज स्कूल ढोटी में शिक्षक है। दोनों स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाइक पर सवार होकर स्कूल से विंध्यनगर की जा रहे थे। मौसम खराब होने से अचानक तेज आंधी आ गई। जैसे दोनों इंदिरा नगर चौराहे पर पहुंचे, वहां पर नगर निगम का साइन बोर्ड बाइक पर आ गिरा। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। फिर फौरन एम्बुलेंस की मदद से दोनों को ट्रॉमा सेंटर लाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल महिला प्रतिभा का इलाज चल रहा है। प्रदेश में कई जगह अवैध होर्डिग और कमजोर साइन बोर्ड की वजह से कई लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन इसके रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

### दमोह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

# राजधानी भोपाल में 15 तो ग्वालियर में 60 क्लीनिक सील




**संवाददाता ● भोपाल**

दमोह जिले में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन केम द्वारा किए गए ऑपरेशनों में सात लोगों की मौत के मामले ने प्रदेशभर के स्वास्थ्य तंत्र को हिला कर रख दिया है। इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद अब पूरे मध्य प्रदेश में बिना पंजीयन चल रहे अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि प्रदेश में 174 अस्पताल ऐसे हैं जो बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। अकेले राजधानी भोपाल में ऐसे 15 अस्पतालों की पहचान की गई है।भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रभाकर तिवारी के अनुसार, शहर में चार स्किन और हेयर क्लीनिक को सील किया गया है। इन क्लीनिकों में बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के सौंदर्य चिकित्सा और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रियाएं की जा रही थी। जांच में यह पाया गया कि बीडीएस (डेंटल) और होम्योपैथी डिग्रीधारी चिकित्सक बिना उचित योग्यता के इलाज कर रहे थे। इनमें से कुछ क्लीनिकों में त्वचा संबंधित इलाज और हेयर ट्रांसप्लांट हो रहे थे, लेकिन कोई प्रमाणित विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था। एक संचालक के पास केवल बीएचएमएस (होम्योपैथी) डिग्री थी। दस्तावेज भी पूरे नहीं थे और नियमों के उल्लंघन के आधार पर सभी क्लीनिकों को नोटिस जारी किया गया है। संबंधित विभागों-पुलिस, नगर निगम, औषधि प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचित किया गया है ताकि कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ सके।

**कार्रवाई**

**सीएमएचओ होंगे जिम्मेदार**

**प्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी ने सभी जिलों के सीएमएचओ को चेतावनी दी है कि यदि उनके क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल या क्लीनिक संचालित होते पाए गए, तो संबंधित सीएमएचओ को व्यक्तिगत रुप से जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।**

# रेलवे स्टेशन पर अधिकारी-दलालों की साठगांठ की शिकायत

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर दलालों के प्रभाव और अधिकारियों के साथ उनकी कथित साठगांठ की एक शिकायत सामने आई है। भोपाल निवासी अजमल खान ने इस संबंध में रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दलालों और अधिकारियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**मामला**

हालांकि, अजमल का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बजाय उन्हें आरपीएफ पोस्ट प्रभारी द्वारा धमकी दी गई। आरोप है कि जब उन्होंने शिकायत की रसीद मांगी, तो उन्हें धमकाया गया और रसीद देने से मना कर दिया गया।



**साठगांठ की वजह से टिकट नहीं मिला** - अजमल ने बताया कि वह अपने छोटे भाई के साथ रानी कमलापति स्टेशन से मुजफ्फरपुर जाने के लिए तत्काल टिकट बनवाने पहुंचे थे। टोकन लाइन में खड़े होने के दौरान, उनके आगे खड़ा राकेश नामक एक व्यक्ति (जो बाद में दलाल निकला) ने काउंटर पर बैठे अधिकारी को इशारा किया। इसके बाद अजमल को मिलने वाला 9 नंबर काउंटर का टोकन राकेश ने ले लिया और अजमल को 8 नंबर काउंटर पर भेज दिया गया। अजमल का कहना है कि नियमानुसार उन्हें 9 नंबर काउंटर मिलना चाहिए था, लेकिन 'सेटिंग' के चलते उनका टिकट नहीं बन पाया। जब उन्होंने वहां मौजूद चार्जिंग ऑफिसर से शिकायत की, तो उन्होंने टोकन देने वाले अधिकारी का नाम श्रीकेश और 8 नंबर काउंटर पर बैठे अधिकारी का नाम आशीष बताया।

### पहचान होने से रेप का लाइसेंस नहीं : हाईकोर्ट

**ग्वालियर।** रेप मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जज ने बड़ी टिप्पणी की है। लड़की से दुष्कर्म मामले में आरोपी ने जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई की गई। आरोपी ने दलील दी थी कि उसकी पीड़िता के साथ पुरानी जान-पहचान है। इसलिए उसके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त किया जाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि महिला से पहचान होने से पुरुष को रेप करने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। साथ ही मामले की सुनवाई कर रहे जज ने आरोपी रघुराज सिंह गुर्जर की जमानत याचिका को खारिज भी कर दिया। रेप की यह घटना मुरैना जिले के रामपुर थाना क्षेत्र की है। शादीशुदा महिला ने रघुराज गुर्जर पर रेप का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

# पति की नजरों में आया पत्नी का आशिक, रास्ते से हटाया

**संवाददाता ● उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले से 35 किलोमीटर माकड़ोन थाना क्षेत्र के कांथड़ी गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि हमला करने वाला युवक, मृतक की प्रेमिका का पति है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक 20 साल का रोहित मोंगिया शाम को गांव में बच्चों को आइसक्रीम दिलाने गया था। इसी दौरान पानखेड़ी गांव से आए लखन मोंगिया ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। चाकू इतनी गहराई से मारा गया कि वह रोहित के प्राइवेट पार्ट से होते हुए किडनी तक जा पहुंचा। गंभीर रूप से घायल रोहित को परिजन तुरंत उज्जैन जिला अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रोहित का प्रेम संबंध आरोपी लखन की पत्नी से था, जो अक्सर मायके यानी कांथड़ी गांव में ही रहती थी। इसी शक में लखन ने रोहित की जान ले ली। घटना के बाद से आरोपी फरार है। माकड़ोन थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें आसपास के इलाकों में भेजी गई हैं। साथ ही पुलिस आरोपी की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है, ताकि मामले की कड़ियां जोड़ी जा सकें। प्रेम संबंधों की वजह से हुई इस हत्या ने गांव में सनसनी फैला दी है। पुलिस की कोशिश है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि इस हत्या की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 134 वीं जयंती

# बोर्ड ऑफिस चौराहे पर चल रहे कार्यक्रम

**संवाददाता ● भोपाल**

देश के संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और बहुजन समाज के प्रेरणास्रोत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती आज राजधानी भोपाल में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के बोर्ड ऑफिस क्षेत्र में आयोजित भव्य कार्यक्रमों में डॉ अंबेडकर की पुस्तकों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विचार गोष्ठियां चल रहीं हैं।

**कार्यक्रम**

कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। बसपा, भाजपा और कांग्रेस समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब को नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड आफिस चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री चेतन कश्यप,मंत्री विश्वास सारंग,राज्य मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, हरिशंकर खटीक, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें। एक विशेष पहल के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्रकारिता विरासत पर आधारित एक विशेष अंक का विमोचन भी किया गया। स्टॉल संचालक डॉ. अनिल और उनकी टीम ने बताया कि बाबा साहब न केवल एक संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक सशक्त पत्रकार और लेखक भी थे।

# अक्षरा सिंह ने भोजपुरी फिल्मों के बजट का किया खुलासा



## बताई कहां रह गई कमियां

अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अब तक कई हिट फिल्मों और गानों में काम किया है। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है जो हमेशा उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-बड़ी अपडेट जानने के लिए बेकरार रहते हैं। सुपरस्टार पवन सिंह संग अपने रिश्तों को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाली अक्षरा सिंह ने अब भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कई खुलासे किए हैं। इस बारे में एक्ट्रेस ने पहली बार खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने साउथ की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर मूवी 'पुष्पा' की खासियत भी बताई है। हिंदी रश को हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अक्षरा सिंह ने अपनी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ के बारे में कई खुलासे किए। उनसे जब पूछा गया कि भोजपुरी फिल्मों का बजट क्या होता होगा? इसपर अक्षरा सिंह ने कहा, 'अरे, भोजपुरी फिल्मों का बजट लगभग 2-3 लाख-करोड़ के आस पास होता है जो बहुत कम होता है। ऐसे में कई बार फिल्म को लॉ बजट में अच्छा बनाना काफी मुश्किल हो जाता है और हर बार दर्शकों की उम्मीद पूरी नहीं हो पाती है।' आगे भोजपुरी एक्ट्रेस ने कहा, 'पुष्पा जैसी फिल्मों का बजट इतना ज्यादा है कि भोजपुरी मूवीज के लिए उस लेवल पर खर्च करना आसान नहीं है। हम उस बजट में शायद तीन फिल्में बना दें।' अक्षरा सिंह ने आगे कहा, 'भोजपुरी फिल्मों की बात कर रहे हैं तो इतना साफ कर दूं की हमारे पास अच्छे लेखक नहीं है। अगर कोई हमारे पास अच्छी फिल्में और कहानी लेकर आते भी हैं तो हम उन्हें मुंह मांगी कीमत नहीं दे पाते हैं, जिसके चलते कई बेहतरीन कहानी हाथ से निकल जाती है। भोजपुरी मेकर्स का काम अपना बजट का दो गुना ज्यादा कमाना एक मात्र मकसद बन चुका है। वहीं जब देने के लिए पैसें नहीं है तो कोई भी लेखक हमारे साथ काम क्यों करेगा। ये वो कमियां जो हमें आगे नहीं बढ़ने दे रही है। पुष्पा के मेकर्स के पास अच्छी कहानी पर इन्वेस्ट करने के लिए पैसें थे हमारे पास नहीं है।'

# अमिताभ बच्चन ने पूछा- X पर फॉलोअर्स कैसे बढ़ाए?



अमिताभ बच्चन एक लीजेंड हैं, न सिर्फ़ सालों से उनके ऑन-स्क्रीन किरदारों के कारण, बल्कि सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी की वजह से भी। वह हमेशा अपने फैंस से अपनी सबसे बेबाक बातों के साथ जुड़ना पसंद करते हैं क्योंकि वह उन्हें अपने ब्लॉग के जरिए रोजमर्रा की जिंदगी के बारे में अपडेट देते रहते हैं। हाल ही में बिग बी ने फिर से कुछ ऐसा ही किया और इस बार तो उन्होंने दिल जीत लिया।

अपने नए ट्वीट में, अमिताभ बच्चन ने फैंस से पूछा है कि वह एक्स पर अपने फ़ॉलोअर्स कैसे बढ़ा सकते हैं। एक्टर ने लिखा, 'T 5347 - बड़ी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ये 49M फ़ॉलोअर्स की संख्या बढ़ ही नहीं रही है। कोई उपाय हो तो बताइए!! कई यूजर्स ने उन्हें ग्रोक के बारे में बताया जो कि एलन मस्क की एक एआई कंपनी xAI एआई चैटबॉट है, उससे पूछकर ट्राय करें। इस बीच, उनके कई फैंस ने कुछ मजेदार कमेंट्स भी किए। एक ने जवाब दिया- आपके फॉलोअर्स पहले से ही ऑस्ट्रेलिया की आबादी से दोगुने हैं। आप कहें तो वहां से कंगारू मंगवा लें लेकिन यह सब नहीं होगा। एक ने कहा- रेखा जी के साथ सेल्फी डाल के देखिए।

# साउथ फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में तमन्ना

## इन हिंदी फिल्मों में भी निभाए अलग किरदार



जल्द ही तमन्ना भाटिया की एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी। इस सुपरनेचुरल थ्रिलर में वह एक शिक्त भक्त बनीं, जो लोगों की मदद करती है। फिल्म में तमन्ना का लुक काफी चर्चा में बना हुआ। तमन्ना दक्षिण भारत में जितनी मशहूर हैं, उतनी ही फेमस वह हिंदी फिल्मों में भी हैं। जानिए, अब तक तमन्ना ने किस तरह की हिंदी फिल्में की हैं। साल 2022 में तमन्ना भाटिया ने हिंदी फिल्म 'बबली बाउंसर' की, इस फिल्म में एक महिला बाउंसर का किरदार निभाया। फिल्म में वह एक हरियाणवी लड़की के रोल में दिखीं, जो बाउंसर बनती है और लोगों की मदद करती है। इस फिल्म को मधुर भंडारकर ने निर्देशित किया था। अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'एंटरटेनमेंट(2014)' में तमन्ना ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में वह अक्षय के किरदार की प्रेमिका बनीं। अक्षय के साथ तमन्ना की जोड़ी पर्दे पर खूब जमी थी। इस फिल्म को साजिद-फरहाद ने निर्देशित किया था। फिल्म 'हिम्मतवाला(2013)' में तमन्ना भाटिया ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में अजय देवगन ने लीड रोल किया था। फिल्म को साजिद खान ने निर्देशित किया। यह फिल्म 1983 में रिलीज हुई जितेंद्र और श्रीदेवी की फिल्म 'हिम्मतवाला' का रीमेक थी।फिल्म 'वेदा(2024)' में तमन्ना ने जॉन अब्राहम के किरदार अभिमन्यु की पत्नी का रोल किया। फिल्म में तमन्ना का कैमियो रोल था लेकिन यह किरदार फिल्म की कहानी में अहम भूमिका निभाता है। इस फिल्म को निखिल आडवाणी ने निर्देशित किया था। हिंदी फिल्मों में अभिनय करने के साथ ही तमन्ना भाटिया ने आइटम डांस भी किया है। वह पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री 2' में आइटम डांस के कारण चर्चा में आईं, इस फिल्म में उनका छोटा सा रोल भी था।

# फिर सुनाई देगी इंसाफ की दस्तक

## अनुभव सिन्हा ने सीक्वल के लिए तापसी पन्नू से मिलाया हाथ



अनुभव सिन्हा फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे निर्देशक हैं जो एक्शन, ड्रामा फिल्मों से इतर सामाजिक मुद्दों को दिखाती फिल्मों का निर्माण करते हैं। उनकी फिल्में भले ही बॉक्स ऑफिस पर खास कमाई न करती हो मगर उन मूवीज की कहानियां दर्शकों के दिलों में अपनी छाप जरूर छोड़ती हैं। कुछ समय पहले अनुभव सिन्हा ने आईसी 814: द कंधार हाईजैक का डायरेक्शन किया था जो असल घटनाओं पर आधारित थी। अब फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही है। अनुभव सिन्हा एक बार फिर से तापसी पन्नू के साथ नई फिल्म के लिए हाथ मिला रहे हैं। इस फिल्म से सिन्हा दर्शकों को और नई कहानी लेकर आने वाले हैं। फिल्म उन्ही की एक मूवी की सीक्वल होगी। अगर आप सोच रहे हैं कि हम थप्पड़ की बात कर रहे हैं तो नहीं। हम बात कर रहें हैं मुल्क की जिसे आईएमडीबी से 7.2 की रेटिंग मिली है। मिड डे कि एक रिपोर्ट के मुताबिक निर्देशक गौरव सोलंकी के साथ मिलकर मुल्क 2 पर काम करने वाले है जिन्होंने आर्टिकल 15 फिल्म की कहानी लिखी थी।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ आमिर खान की पहली पब्लिक अपीयरेंस



आमिर खान ने हाल ही में नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ पहली पब्लिक अपीयरेंस दी है। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल में साथ पहुंचे थे। इस दौरान आमिर, गर्लफ्रेंड का हाथ थामे नजर आए। आमिर खान ब्लैक अजकन और ब्लैक-गोल्डन शॉल ओढ़े फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बने हैं। जबकि उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट फ्लोरल साड़ी में इवेंट में पहुंची थीं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि आमिर खान रेड कार्पेट पर साथ पहुंचे लोगों के साथ पोज करने से पहले गर्लफ्रेंड की तरफ हाथ बढ़ाते हैं। गौरी आमिर का हाथ थामती हैं और दोनों साथ पैपराजी को पोज करते हैं। पैपराजी को पोज करते हुए आमिर खान पूरे समय गौरी का हाथ थामे रहे। वहीं दूसरी तरफ गौरी लगातार आमिर को निहार रही थीं। बताते चलें कि चाइना के मकाऊ में हाल ही में मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल हुआ है, जहां खान को मास्टर ह्यूमर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 14 मार्च को आमिर खान ने मीडिया के साथ अपने 60वें बर्थडे का सेलिब्रेशन किया। तब उन्होंने मीडिया को गौरी से मिलवाते हुए उनसे रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया। आमिर ने मीडिया से रिक्वेस्ट की थी कि गौरी की तस्वीर नहीं क्लिक की जाए।



# ऑटोइम्यून डिजीज से जूझ रही हैं सामंथा

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपनी हेल्थ को लेकर बात की। सामंथा पहले भी कई बार अपनी लाइलाज बीमारी मायोसिटिस का जिक्र कर चुकी हैं। इसी बीच उन्होंने बताया कि वह इस बीमारी का इलाज किस तरह से कर रही हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने फूडफार्मर को इंटरव्यू दिया। इस दौरान एक्ट्रेस से उनकी हेल्थ के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में सामंथा ने कहा, 'जब मुझे अपनी ऑटोइम्यून बीमारी का पता चला, तो मैं अपनी हेल्थ के साथ बहुत लापरवाह थी और बिल्कुल अकेली थी। मुझे नहीं पता था कि कहां से शुरुआत करनी है। जब आप बीमार होते हैं तो आपको एक हफ्ते के लिए दवाई मिल जाती है और आपको लगता है कि बस अब आप ठीक हो जाएंगे। क्योंकि पूरी लाइफ में हम ऐसे ही देखते हैं कि बीमारी चाहे जो भी हो, बस एक हफ्ते के लिए दवाई लेते हैं। हालांकि, अब मेरे साथ ऐसा नहीं है। यह पुरानी बीमारी है, और साथ ही यह लाइलाज है। जब मुझे बताया जाता था कि यह पूरी लाइफ ऐसे ही रहेगी, या इससे भी खराब हालत हो जाएगी। तो यह मेरे लिए ऐसा समय था जब मुझे बहुत गुस्सा आता था, मेरे सामने मेरी पूरी लाइफ थी। सब कुछ थम सा जाता है। मैं अपने आप को इस सिचुएशन में हेल्पलेस फील करती थी।' सामंथा ने बताया कि जब लोगों को उनकी बीमारी के बारे में पता चला तो उनका रिएक्शन कैसा था। एक्ट्रेस ने कहा, 'जैसे ही लोगों को मेरी बीमारी के बारे में पता चला तो सभी ने सिर्फ मुझसे यही सवाल पूछा कि अब एक्टिंग का क्या होगा। तुम्हारे पास प्लान बी क्या है। मुझे लोगों के इस सवाल पर बहुत गुस्सा आता था। मैं कहती थी, मेरे पास कोई प्लान बी नहीं है, मुझे सिर्फ एक्टिंग ही करनी है। मैं यही चाहती हूं कि यह बीमारी किसी दुश्मन को भी न हो।

# प्रेग्नेंसी में रैम्प वॉक करती नजर आईं गौहर खान

## वीडियो वायरल हुआ तो लोगों ने प्रेग्नेंसी में हाई हील्स में वॉक न करने की हिदायत दी



एक्ट्रेस गौहर खान अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। इसी बीच एक इवेंट में वह हाई हील्स में रैम्प वॉक करती नजर आईं। गौहर ने रैम्प वॉक के टाइम दुपट्टे से बेबी बंप छिपाया हु आ था। वीडियो में गौहर खान अपने बेबी बंप को दुपट्टे से ढंकती नजर आ रही हैं। साइड से एक्ट्रेस का बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। जब वह पीछे की तरफ मुड़ने लगीं तो उन्होंने पेट पर हाथ रख लिया। रैम्प वॉक के दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न लुक कैरी किया था, जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही थीं। गौहर के रैम्प वॉक की वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। यूजर्स के मिले-जुले रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कोई उनकी वॉक को काफी अच्छा बता रहा है तो कोई उन्हें प्रेग्नेंसी में वॉक न करने की हिदायत दे रहा है। गौहर खान का वीडियो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी में रैम्प वॉक?' दूसरे ने लिखा, 'प्रेग्नेंसी के दौरान अच्छा कॉन्फिडेंस है।' एक यूजर ने उनके आउटफिट का मजाक उड़ाते हुए लिखा, 'क्या कॉम्बिनेशन है।' एक और ने लिखा, 'अरे प्रेग्नेट हैं तो हील क्यों पहनी है?'

# हिना खान रैंप वॉक करते हुए दो बार लड़खड़ाईं

## जैसे-तैसे खुद को संभाला तो लोगों ने पूछा हाल- आप ठीक तो हैं

एक्ट्रेस हिना खान हाल ही में एक फैशन शो में डिजाइनर कियायो के लिए शोस्टॉपर बनीं और उन्होंने अपने आत्मविश्वास और स्टाइल से रनवे पर वॉक किया। वह एक खूबसूरत फुल-स्लीव जैकेट और एक लंबी फ्लोई ब्लैक स्कर्ट में बिल्कुल शानदार लग रही थीं। उनके रैंप वॉक के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। रैंप पर चलते समय वह कुछ देर के लिए लड़खड़ा गईं, लेकिन जल्दी ही उन्होंने अपना संयम वापस पा लिया और आत्मविश्वास के साथ चलने लगं। उनके शानदार तरीके से चलने से फैंस काफी खुश हो गए हैं। इंस्टेंट बॉलीवुड के शेयर किए गए एक वीडियो में हिना खान खूबसूरत कपड़ों में रनवे पर चलती दिखाई दे रही हैं। रैंप पर चलते समय हिना को कुछ देर के लिए लड़खड़ाते देखा गया और ये एक नहीं बल्कि दो बार हुआ। लेकिन वो रुकी नहीं और जल्दी से खुदको ठीक करके फिर से रैंप पर चलने लगीं। उन्होंने रैंप वॉक में जो किया, फैंस उसकी खूब सराहना कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए वॉक किया। वायरल वीडियो पर रिएक्ट करते हुए एक फैन ने कहा- उसने इसे शालीनता से संभाला, जबकि दूसरे ने लिखा- शेर खान से सीखें कि इस स्थिति के बाद कैसे संभलना है। एक तीसरे नेटिजन ने लिखा- उनके लिए सम्मान। नीचे वीडियो देखें!



इस बीच, हिना खान अपनी ताकत से अपने फॉलोअर्स को प्रेरित कर रही हैं। जून 2024 में उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था और वह एक सच्चे योद्धा की तरह बहादुरी से कैंसर से लड़ रही हैं। उन्होंने सर्जरी और कीमोथेरेपी सहित अपने इलाज को जारी रखा है। वो हर दिन अपनी लाइफ की शानदार झलक देती रहती हैं। कुछ हफ़्ते पहले एक्ट्रेस ने अपने फीके नाखूनों की एक तस्वीर पोस्ट की और इसे 'कीमोथेरेपी का साइड इफ़ेक्ट' कहा। हिना के काले और भंगुर नाखून दिखाते हुए तस्वीर ने शरीर पर कीमोथेरेपी के असर को साफ दिखाया, तब से उनके फैंस ये सब देखकर हैरान हैं। हिना हाल ही में वेब सीरीज़ 'गृह लक्ष्मी' में नज़र आई थीं। शो में हिना एक साधारण गृहिणी का किरदार निभा रही हैं, जो शहर की ड्रग दुनिया की राज करने वाली रानी बन जाती है। इसका प्रीमियर 16 जनवरी को एपिक ऑन पर हुआ।

# गायकवाड़-फिलिप्स के बाद अब एक और खतरनाक खिलाड़ी आईपीएल से बाहर!

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 में खिलाड़ियों का लगातार चोटिल होकर बाहर होना जारी है। पहले सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और फिर ग्लेन फिलिप्स पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। इसी बीच अब एक बुरी खबर पंजाब किंग्स के खेमे से आई है। जहां उनके एक स्टार खिलाड़ी को अब आईपीएल से चोट के चलते बाहर होना पड़ रहा है।लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में उन्हें चोट लगी थी। फर्ग्यूसन को गेंदबाजी करते समय परेशानी हुई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पहले भी फर्ग्यूसन चोटों से जूझते रहे हैं। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। पंजाब के कोच जेम्स होप्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फर्ग्यूसन अनिश्चित समय के लिए बाहर हैं और इस सीजन में उनकी वापसी की संभावना बहुत कम है। टीम को युजवेंद्र चहल की फॉर्म को लेकर भी चिंता है।

सनराइजर्स हैदराबाद के फर्ग्यूसन ने सिर्फ दो गेंदें फेंकी और फिर उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। कोच होप्स ने बताया कि फर्ग्यूसन की चोट गंभीर है और उनके वापस आने की उम्मीद कम है। फर्ग्यूसन ने चार मैचों में 5 विकेट लिए हैं। पंजाब के पास उनकी जगह लेने के लिए कोई अच्छा खिलाड़ी नहीं है। वे अजमतुल्लाह ओमरजाई को आगे आजमा सकते हैं।टीम के लिए एक और चिंता युजवेंद्र चहल की फॉर्म है। चहल ने 5 मैचों में सिर्फ 2 विकेट लिए हैं और उनकी इकोनॉमी 11 से ऊपर है। होप्स ने कहा कि गेंदबाजी आक्रमण को चहल को खेल में और शामिल करने की जरूरत है। चहल इस सीजन में टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे।उन्होंने कहा, 'हमारी गेंदबाजी आक्रमण के साथ, हमें युजी को खेल में और शामिल करने की जरूरत है, जैसे कि वह इस समय खेल में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चेन्नई के खिलाफ उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका, जो बहुत अच्छा था और महत्वपूर्ण समय पर था। उन्होंने बहुत अच्छा ओवर फेंका, लेकिन हमें उन्हें टूनामेंट में शामिल करना होगा। 5 मैच हो चुके हैं, और आईपीएल जीतने के लिए हमें उनकी जरूरत होगी।'

बल्लेबाज लेंगे राहत की सांस



हार्दिक ने 37 वर्षीय इस बॉलर को बताया दमदार

# 'भूलना होगा', अक्षर ने बल्लेबाजों पर फोड़ा हार का ठीकरा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



मुंबई के कप्तान हार्दिक ने कहा, 'जीतना हमेशा खास होता है, खासकर इस तरह की जीत। कर्ण शर्मा ने गजब का जज्बा दिखाया। सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम अपने मौकों को बनाए रखने में सफल रहे।'आईपीएल 2025 में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला गया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 205 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम का एक वक्त स्कोर 16 ओवर में छह विकेट पर 164 रन था।

उन्हें 24 गेंद में 42 रन की जरूरत थी, लेकिन 18वें और 19वें ओवर में कुल मिलाकर चार विकेट ने उन्हें जीत की पटरी से उतार दिया। मैच के बाद दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने अपने बल्लेबाजों पर हार का ठीकरा फोड़ा। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से यह मैच जल्द से जल्द भूलना होगा। वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या दूसरी जीत के बाद बेहद खुश दिखे और उन्होंने 37 साल के स्पिनर कर्ण शर्मा की जमकर तारीफ की। कर्ण प्लेयर ऑफ द मैच भी बने।

दरअसल, जब करुण नायर और केएल राहुल क्रीज पर थे, तो लग रहा था कि दिल्ली की टीम आसानी से मैच जीत जाएगी। हालांकि, करुण के आउट होते ही दिल्ली की टीम धराशाई हो गई। केएल राहुल 13 गेंद में 15 रन, विपराज निगम आठ गेंद में 14 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में दिल्ली ने लगातार तीन गेंद पर तीन विकेट गंवाए। आश्चर्य की बात तो यह है कि तीनों खिलाड़ी रन आउट हुए। ओवर की चौथी गेंद पर आशुतोष शर्मा, पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव और आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा रन आउट हो गए। इससे दिल्ली की पारी 193 रन पर सिमट गई। हार के बाद अक्षर ने कहा, 'मैच हमारे झोले में था। मध्यक्रम में कुछ खिलाड़ी अच्छी गेंद पर आउट हुए तो कुछ ने खराब शॉट खेलकर विकेट फेंके। आप इसे हर बार निचले क्रम के बल्लेबाजों पर नहीं छोड़ सकते। ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। यह उन खराब दिनों में से एक है। आधे मैच तक खुश था। गेंद शुरू में रुक रही थी, लेकिन यह बेहतर हो गई और फिर ओस ने हमारी और मदद की। हमारे तीन स्पिनरों में से दो पावरप्ले और डेथ में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। कुलदीप अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बल्लेबाजी के लिहाज से इस खेल को भूलने की जरूरत है।'वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक ने कहा, 'जीतना हमेशा खास होता है, खासकर इस तरह की जीत। वह (करुण नायर) शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और ऐसा लग रहा था कि मैच हाथ से निकल रहा है। कर्ण शर्मा ने गजब का जज्बा दिखाया। उन्होंने मैच में गेंद से बहादुरी दिखाई। गेंद को टॉस करना जब बाउंड्री सिर्फ 60 मीटर लंबी थीं, देखना दमदार था। हमने कभी हार नहीं मानी। हम कहते रहे कि हम मुकाबले में बने रहना चाहते हैं। सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम अपने मौकों को बनाए रखने में सफल रहे।'बल्लेबाजी क्रम पर हार्दिक ने कहा, 'मैं चाहता था कि वे खिलाड़ी सबसे ज्यादा गेंद खेलें जो फॉर्म में हैं। ओस ने बाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली में ओस थी। बस यह सुनिश्चित करने की जरूरत थी कि खेल खत्म नहीं हुआ है। हम लड़ते रहना चाहते थे और टीम में यही मैसेज था। हमें पता था कि एक-दो विकेट मैच का रुख बदल देंगे। यह मेरे साथ पहले भी हो चुका है। इस तरह की जीत से लय बदल जाती है और सब कुछ बदल जाता है।'यह मुंबई की इस सीजन की दूसरी जीत रही। टीम छह मैचों में चार हार और दो जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसके पास चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.104 का है। वहीं, दिल्ली की यह पांच मैचों में पहली हार रही। टीम चार जीत और आठ अंक के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.899 है। दिल्ली का अगला मुकाबला 16 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से दिल्ली में ही है। वहीं, मुंबई का अगला मुकाबला 17 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से वानखेड़े में है।

## पंजाब को लगा तगड़ा झटका

**मुल्लापुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मंगलवार को मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे। हालांकि, वह पूरे सत्र से बाहर हुए हैं या नहीं, इसको लेकर अभी तक फ्रेंचाइजी की तरफ से कोई अपडेट नहीं दिया गया है। टीम के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि फर्ग्यूसन अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोटिल हो गए थे। उन्होंने हैमस्ट्रिंग की शिकायत की थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। यह घटना हैदराबाद की पारी के छठे ओवर की दूसरी गेंद पर हुई थी। फर्ग्यूसन को बाएं पैर को पकड़े देखा गया था। तभी फिजियो की सलाह के बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इस मैच में हैदराबाद ने पंजाब को आठ विकेट से हराया था।तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने फर्ग्यूसन की चोट पर अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि तेज गेंदबाज की वापसी अब मुश्किल है। उन्होंने कहा- फर्ग्यूसन अनिश्चित काल के लिए बाहर हो गए हैं और टूनामेंट के अंत तक उन्हें वापस लाने की हमारी संभावना बहुत कम है।

# लखनऊ के खिलाफ वापसी करना चाहेगी सीएसके, मार्श की होगी वापसी?

**एजेंसी ● लखनऊ**



लगातार पांच हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगी। धोनी चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ की जगह शेष सीजन में टीम की कमान संभाल रहे हैं। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।सीएसके के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और केकेआर के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी क्रम की कलई खुल गई थी। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है। गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है। शिवम दुबे को पावर-हिटिंग के मोर्चे पर अधिक समर्थन की जरूरत है और ऐसा करने के लिए सबसे बेहतर खुद धोनी हैं। सीएसके के पास मथीशा पथिराना को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारने का विकल्प रहेगा। सीएसके की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है और ऐसे में वह एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ उतरने पर विचार कर सकता है। लखनऊ सुपर जाएंट्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज निकोलस पूरन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और पथिराना उनके सामने चुनौती पेश कर सकते हैं। पथिराना ने पूरन को पांच पारियों में चार बार आउट किया है। लखनऊ के लिए सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श गुजरात टाइटंस के खिलाफ नहीं खेले थे। टॉस के दौरान ऋषभ पंत ने बताया था कि मार्श की बेटी बीमार हैं जिस कारण वह अनुपलब्ध रहे। अभी यह तय नहीं है कि वह सीएसके के खिलाफ वापसी कर पाएंगे या नहीं, लेकिन अगर मार्श टीम में लौटे तो वह हिम्मत सिंह की जगह लेंगे। शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श की अनुपस्थिति ने शनिवार को ऋषभ पंत को फॉर्म में चल रहे एडेन मारक्रम के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया। पंत ने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन क्या मार्श की वापसी के बाद वह खुद को सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका देंगे? यह सवाल बना हुआ है।

# दिल्ली के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे कर्ण शर्मा, बताया- किस ओवर में पलटा मैच

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन विकेट लेकर मुंबई इंडियंस की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कर्ण शर्मा ने बताया है कि 13वें ओवर में गेंद बदलने से उनकी टीम को फायदा हुआ। इसी साल शाम के मैचों में दूसरी पारी के दौरान ओस होने पर गेंद बदलने का नियम लाया गया है, ताकि बाद की टीम को ओस का फायदा नहीं मिले और खेल संतुलित रहे। 37 साल के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

एक वक्त दिल्ली की टीम 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना चुकी थी। इसके बाद दिल्ली की टीम ने आखिरी नौ विकेट 74 रन के अंदर गंवा दिए। कर्ण ने अभिषेक पोरेल, केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स के विकेट लिए। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैंने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।'

मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए भाग्यशाली माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि छह सात साल बाद मुंबई टीम में लौटा और वहीं से शुरू किया जहां 2017 में छोड़ा था।' उन्होंने कहा, 'मैच में एक वक्त दिल्ली की टीम 10-11 रन प्रति ओवर बना रही थी और मेरा काम बीच के ओवरों में विकेट लेना था। मिचेल सैंटनेर और मैंने वही किया। ऐसे मैचों में हर विकेट महत्वपूर्ण है। जिस तरह से वे खेल रहे थे, निश्चित तौर पर केएल राहुल उनके लिए बड़ा नाम है जिसने पिछले मैच में जीत दिलाई थी। हमारे लिए हर विकेट महत्वपूर्ण था, लेकिन केएल राहुल के विकेट को मैंने सबसे ज्यादा एंजॉय किया।

उन्होंने स्वीकार किया कि करुण नायर के विकेट ने मुंबई को मैच में लौटाया। उन्होंने कहा, 'करुण के आउट होने के बाद उनकी लय टूटी। उसके बाद लगातार दो तीन विकेट गिर गए और मैच पलट गया।' दिल्ली में काफी क्लब क्रिकेट खेल चुके कर्ण को पता था कि कोटला की पिच की जानकारी से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने कहा, 'मैं मेरठ से हूं और मैने दिल्ली में काफी क्रिकेट खेली है।

लखनऊ के इस विस्फोटक बल्लेबाज की हुई वापसी

# खराब गेंदबाजी के कारण धोनी ने काटा अश्विन का पत्ता

**एजेंसी ● लखनऊ**



आईपीएल 2025 का 30वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इस मैच में धोनी ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं, लखनऊ के खेमे में विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल मार्श की वापसी हो गई है।आईपीएल 2025 से पहले हुई मेगा नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को खरीदा था। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। हालांकि, इस सत्र में अश्विन कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। अबतक खेले छह मैचों में उन्हें पांच विकेट जरूर मिले, लेकिन 9.90 की इकोनॉमी से उन्होंने रन खर्च किए हैं।लखनऊ के खिलाफ मैच के लिए कप्तान धोनी ने चेन्नई की प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए हैं। उन्होंने अश्विन की जगह शेख रशीद को मौका दिया है जबकि डेवोन कॉनवे की जगह जेमी ओवरटन को शामिल किया गया है। वहीं, लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने बताया कि मिचेल मार्श इस मैच में खेलेंगे। वह गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेले थे। उन्हें हिम्मत सिंह की जगह एकादश में शामिल किया गया है।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार है लखनऊ सुपर जाएंट्सः एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी। इम्पैक्ट प्लेयर्सः रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीत्जके, हिम्मत सिंह। चेन्नई सुपर किंग्सः शेख रशीद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, जेमी ओवरटन, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना। इम्पैक्ट प्लेयर्सः शिवम दुबे, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, सैम करन, दीपक हुड्डा।

# एक डिलेवरी बॉय ऐसा भी नशे की लत छोड़ी अब वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की ठानी

**खेल संवाददाता ● रायपुर**

बीरगांव के डेरा पारा बस्ती में रहकर नशे की लत ने विक्की उइके की जिंदगी खराब कर दी थीं. लेकिन कहते है न कि जीवन में एक अच्छी संगत मिल जाए तो दोस्त बेड़ा पार लगा देते है ऐसा ही कुछ हुआ विक्की के साथ. पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी आई और इसी बीच उसके जीवन में बतौर दोस्त और कोच दीपक सिंह की एंट्री होती है।

दीपक राजधानी रायपुर के भनपुरी में अपना एक जिम संचालित करते हैं. बातों ही बातों में विक्की ने उन्हें बताया कि उसे भी बॉडी बनानी है. तो उसके कोच और दोस्त यानी दीपक सिंह ने उन्हें सबसे पहले नशा छोड़ने की प्रॉमिस ली.विक्की ने अपना प्रॉमिस निभाया और हर प्रकार के नशे से खुद को दूर किया. फिर घर की जिम्मेदारी निभाने के लिए डिलीवरी बॉय का काम शुरू किया और वे जेमेटो में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक काम करते है।

इसी बीच अपने कोच को वेटलिफ्टिंग में दूसरे राज्यों में जाकर खेलता देख उनके मन में भी ये ख्याल आया कि वो भी वेटलिफ्टर बनना चाहते है. बस फिर क्या थाङ्ग यहां से बतौर एक खिलाड़ी की इस खेल में शुरूआत होती है और आज इस वेटलिफ्टर ने अपने नाम कई नेशनल रिकार्ड जीते है और अब उन्होंने एक वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की ठानी है. उनके कोच बताते है कि 66 किलोग्राम वर्ग में 318.5 किलो वजन का डेडलिफ्टिंग



वर्ल्ड रिकार्ड है और वे वर्तमान में चंद महीनों की ट्रेनिंग के बाद ही 270 किलो डेडलिफ्ट आसानी से कर लते है. हैरानी की बात ये है कि यहां जब लोगों के पास 24 घंटे का समय भी कम पड़ता है, ऐसे में वे सुबह 6 बजे उठकर 9 बजे तक जिम करते है।

फिर 10 बजे से शाम 6 बजे तक डिलीवरी बॉय का काम कर अपनी घर की जिम्मेदारी निभाते है और फिर शाम के वक्त वे जिम ज्वाईन करते है और 10 बजे से 12 बजे तक वे अपने वर्ल्ड रिकार्ड बनाने को लेकर प्रैक्टिस करते है. कोच बताते है कि विक्की ने अब तक 16 राज्यों में वेटलिफ्टिंग में मेडल जीते है. विक्की अपने पिता को याद कर के भावुक हो जाते है, लेकिन साथ में ये भी कहते है कि वे वर्ल्ड रिकार्ड बनाकर अपने पिता और अपने परिवार का नाम जल्द रौशन करेंगे.

# एसपी भावना गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया प्रदेश का मान, ऑल इंडिया पुलिस टूनार्मेंट में जीता

**खेल संवाददाता ● गौरेला-पेंड्रा**




जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है. केरल के कोचीन में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उन्होंने महिला सिंगल टेबल टेनिस कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर गौरव हासिल किया. यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट 11 से 14 अप्रैल 2025 तक कोचीन में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की पुलिस इकाइयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. भावना गुप्ता ने फाइनल मुकाबले में मिजोरम पुलिस की खिलाड़ी को हराकर यह स्वर्ण पदक अपने नाम किया.गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद यह पुलिस खेलों में राज्य का पहला स्वर्ण पदक है, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है. इस उपलब्धि ने पुलिस विभाग में छत्तीसगढ़ की बढ़ती भागीदारी और प्रतिभा को उजागर किया है.



गाजा पर हमास के ठिकानों पर इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनी बच्चों के प्रति संवेदना जताने और युद्ध के विरोध में नीदरलैंड के शहर लीडेन में हजारों जूते रखे गए। यहां के लोगों ने युद्ध को जूता दिखा दिया।

## शॉर्ट न्यूज

### ईरान में बलूच विद्रोहियों ने आठ पाक मजदूरों की कर दी हत्या

**तेहरान।** बलूच विद्रोहियों का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने आठ पाकिस्तानी मजदूरों की हत्या कर दी। ये सभी मजदूर पंजाब के रहने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना दो दिन पहले मेहरिस्तान जिले की है। बलूचिस्तान नेशनल आर्मी ने बाद में इस हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में कार रिपेयर वर्कशॉप में काम कर रहे मजदूरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। विद्रोही कार रिपेयर वर्कशॉप में घुसे। उन्होंने वहां काम कर रहे मजदूरों के पहले हाथ और पैर बांधे और फिर उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस दौरान आठ मजदूरों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने आठ मजदूरों की हत्या को अमानवीय और कायराना हरकत बताते हुए ईरान से इस मामले की जांच के लिए पूर्ण सहयोगी की मांग की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान ईरान में हमारे नागरिकों की अमानवीय और कायराना हत्या की निंदा करता है। हमें उम्मीद है कि इस मामले की जांच के लिए ईरान हमारा पूरा सहयोग करेगा।

### 2026 से हाजियों को मिलेगी राहत

**रियाद।** सऊदी अरब के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने हज के बारे में बड़ी घोषणा की है। एनएमसी ने बताया है कि मौजूदा साल यानी 2025 में होने वाला हज गर्मी के मौसम में होने वाला आखिरी हज होगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि अगले साल, 2026 से हज गर्मी से वसंत के मौसम की तरफ खिसक जाएगा। 2026 से 2033 तक हज वसंत में और 2034 से 2041 तक सर्दियों के मौसम में आएगा। इसके बाद 2042 में हज फिर से गर्मियों में वापस आ जाएगा। ऐसे में 2025 के बाद अगले 16 वर्षों तक हज गर्मियों में नहीं होगा। ऐसा इस्लामी कैलेंडर की वजह से होगा, जो चांद आधारित है। इस वजह से इस्लामी कैलेंडर में साल ग्रेगोरियन कैलेंडर की तुलना में 10 दिन छोटा होता है। सऊदी अरब के मौसम विभाग के अनुसार, 2025 का हज गर्मी में होने वाला आखिरी हज होगा। इसके बाद हज का समय धीरे-धीरे बदलकर ठंड के महीनों में आ जाएगा। इस बदलाव से सऊदी सरकार और हाजियों, दोनों को राहत मिलेगी।

### इस्लामी रंग में रंगेगा बंगाली न्यू ईयर, जूलूस का नाम बदला

# बांग्लादेश में हिंदू-संस्कृति को मिटाने की कोशिश

### यूनुस बोले- बन रहा नया बांग्लादेश

एजेंसी ● ढाका

बांग्लादेश ने बंगाली नव वर्ष के लिए यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त पारंपरिक जुलूस का नाम और उस उत्सव के रंग को बदलने का फैसला किया है। कई इस्लामी कट्टरपंथी संगठनों ने मांग की थी कि अभी तक जो शोभायात्रा निकाली जाती है, उससे हिंदू संस्कृति की झलक मिलती है, इसीलिए उसे बदलकर इस्लामी रंग में रंगा जाए। मोहम्मद युनुस ने ऐसा ही किया है। इस साल मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने इस उत्सव से उसका आत्मा छीन लिया है। लिहाजा सवाल उठ रहे हैं कि कैसे बांग्लादेश में एक बड़ी साजिश के हिस्से के रूप में हिंदू सांस्कृतिक विरासत को मिटाने की कोशिश हो रही है? बांग्लादेश में आज बंगाली नव वर्ष 1432 मनाया जाएगा, जिसे 'पोहेला बोइशाख' के नाम से जाना जाता है। ढाका विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के शिक्षक और छात्र हर साल इस मौके पर सामूहिक जुलूस 'मंगल शोभायात्रा' निकालते हैं, जिसे बांग्लादेशी लोगों की धर्मनिरपेक्ष पहचान की अभिव्यक्ति माना जाता है। इसे 2016 में यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया गया था और मानवता की विरासत के रूप में प्रतिनिधि सूची में लिस्ट किया था। लेकिन मोहम्मद यूनुस के नये बांग्लादेश में भला अल्पसंख्यकों का कोई भी निशान कैसे बचा रह सकता है।

**मांग**



**बंगाली नव वर्ष से हिंदू छाप इस साल से खत्म!**

'बंगाली मंगल शोभायात्रा' न सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि बांग्लादेश के हिंदू समुदाय की उस पहचान को भी दिखाता है जो आज इस्लामी कट्टरपंथ के साए में दब रही है। इस शोभायात्रा में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रतीक, जैसे नंदी बैल, मां दुर्गा के मुखौटे और पारंपरिक लोकदेवताओं की झांकियां, हिंदू परंपरा से जुड़े हुए हैं। लिहाजा कट्टरपंथियों का समाज इसका विरोध कर रहा है। यूनुस सरकार का दावा है कि यह परंपरा "गैर-इस्लामी प्रतीकों" से जुड़ी है और इसे "समावेशी" बनाने के लिए इसके नाम और इसके स्वरुप बदला जाएगा। इस्लामी कट्टरपंथी समूह पिछले कई सालों से 'मंगल शोभायात्रा' का विरोध करते रहे हैं। वे इसे हिंदू-प्रभावित, मूर्तिपूजा की परंपरा बताते हैं। लिहाजा इस साल हिंदुओं की भावना को आहत पहुंचाने के लिए कई अन्य उपाय किए गये हैं। बंगाली नववर्ष के जुलूस "मंगल शोभायात्रा" का नाम बदलकर "बरशावरन आनंद शोभायात्रा" कर दिया गया है। शुक्रवार को ढाका विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई है। मोहम्मद यूनुस, जिन्हें कुछ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और मानवाधिकार का चेहरा बताकर पुरस्कार दिया गया है, जिन्हें शांति के लिए नोबल पुरस्कार भी मिल चुका है, वो कितनी आसानी से बांग्लादेश से बंगाली संस्कृति को खत्म कर रहे हैं, हिंदुओं की पहचान को मिटा रहे हैं, संस्कृति को खत्म कर रहे हैं, इसे दुनिया देख रही है। देश के एक सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सव की आत्मा पर चोट किया गया है, तब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा यह व्यक्ति खामोश बैठा है और इसे नया बांग्लादेश बता रहा है।

## महिला को लगाई सुअर की किडनी, निकालना पड़ी

एजेंसी ● न्यूयॉर्क

अमेरिका में एक महिला को वैज्ञानिकों ने सुअर की किडनी लगाई थी और सफल प्रत्यारोपण का दावा भी किया। हालांकि 130 दिन बीतने के बाद ही किडनी फिर से निकालनी पड़ गई। बताया गया कि महिला के शरीर ने उस किडनी को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। ऐसे में कुछ दिन बाद ही उसे फिर से डायलिसिस का सहारा लेना पड़ा। 53 साल की तोवाना लूनी ने 130 दिन सुअर की किडनी के भरोसे बिताए। कई अन्य मामलों में भी मरीज को जेनेटिकली मोडिफाइड सुअर की किडनी लगाई गई है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि यह जेनोट्रांसप्लांटेशन लगभग सफल रहा है। भविष्य में जेनेटिकली मोडिफाइड किडनी लगाकर इंसान को लंबा जीवन भी दिया जा सकता है। अस्पताल के सर्जन ने कहा कि अब तक जितने भी इस तरह के मामले हैं उनमें यह सबसे ज्यादा दिन तक सुअर की किडनी के सहारे जीवित रहने वाला केस है। बता दें कि अंगों की कमी और किडनी फेल्योर का सामना कर रहे मरीजों के लिए भविष्य में यह वरदान साबित हो सकता है। सुअर की किडनी के लिए मरीजों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा परिवार के शख्स को किडनी भी नहीं डोनेट करनी होगी। हाल ही में एक शख्स की किडनी प्रत्यारोपित की गई थी। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में शख्स को सुअर की किडनी लगाई गई थी। एक सप्ताह बाद ही अस्पताल ने उसे डिसचार्ज कर दिया। अमेरिका में अब तक पांच लोगों को सुअर की किडनी लगाई गई है। हालांकि यूएस फूड एंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन की मंजूरी के तहत एक ही केस है। पहले दो प्रत्यारोपण में मरीजों की मौत हो गई थी। अमेरिका में अंग प्रत्यारोपण के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट है। किडनी फेल्योर के ही मरीज हैं।

### यूनुस सरकार ने पलटा शेख हसीना का फैसला

## गाजा पट्टी पर हमलों का विरोध

एजेंसी ● ढाका

'बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है। बांग्लादेश ने गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश के बीच अपने पासपोर्ट पर फिर से 'इजराइल को छोड़कर' शब्द लिखने शुरू कर दिए हैं यानी उसके नागरिक इजराइल की यात्रा नहीं कर सकेंगे। अधिकारियों ने कल यह जानकारी दी। बांग्लादेश के सरकारी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और आव्रजन विभाग को विदेश जाने वाले नागरिकों के आधिकारिक यात्रा परमिट में यह वाक्य फिर से लिखने का निर्देश दिया कि 'यह पासपोर्ट इजराइल को छोड़कर दुनिया के सभी देशों के लिए वैध है'।

**विरोध**




गृह मंत्रालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग की उप सचिव नीलिमा अफरोज ने कहा, 'हमने सात अप्रैल को पत्र (निर्देश) जारी किया था।' यह जानकारी सार्वजनिक किए जाने से एक दिन पहले हजारों प्रदर्शनकारियों ने गाजा पट्टी में इजराइली कार्रवाई की निंदा करने के लिए फलस्तीनी झंडे लेकर राजधानी में रैली निकाली थी और 'आजाद फलस्तीन' के नारे लगाए थे।

अब अपदस्थ की जा चुकीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के कार्यकाल में 2021 में 'इजराइल को छोड़कर सभी देशों के लिए वैध' वाक्यांश को हटा दिया गया था। उस समय प्राधिकारियों ने कहा था कि दस्तावेज के अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए इस वाक्यांश को पासपोर्ट से हटाया गया। 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 59 गाजा पट्टी में कैद हैं। इजरायल का मानना है कि उनमें से 24 अभी भी जीवित हैं। 14 मार्च को हमास ने कहा कि उसने अलेक्जेंडर और चार अन्य बंधकों के शवों को रिहा करने के लिए मध्यस्थों को अपनी सहमति दे दी है। इजरायली सेना ने 18 मार्च से गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि नए सिरे से किए गए इजरायली हमलों में अब तक 1,563 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 4,004 अन्य घायल हुए हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)